तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 25 नवंबर 2025




शनिचरी चौपाटी के पास बना फौवारा खराब हो गया।



## एयरपोर्ट विकास के लिए राज्य विमानन विभाग ने की अनुपूरक बजट में 150 करोड़ रुपए की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में लगातार की जा रही सुनवाई और बिलासपुर एयरपोर्ट विकास पर हो रही देरी पर सवाल उठाए जाने के अब सार्थक परिणाम निकलते दिखाई दे रहे हैं। हवाई सुविधा विकास के लिए दाखिल जनहित याचिकाओं पर हुई सोमवार की सुनवाई में राज्य के मुख्य सचिव विकासशील की तरफ से दाखिल शपथ पत्र में यह बताया गया है कि राज्य के विमानन विभाग इसी वर्ष अनुपूरक बजट में 150 करोड रुपए की मांग बिलासपुर में हवाई सुविधा विस्तार के लिए कर रहा है।

- नाइट लैंडिंग की सुविधा और टर्मिनल भवन के बाहर बुनियादी सुविधाएं तीन माह में मिलने की उम्मीद

शपथ पत्र में यह भी बताया गया है कि नाइट लैंडिंग सुविधा आगामी दो से तीन माह में मिलने की उम्मीद है और इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार लगातार एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के संपर्क में है। एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए बुनियादी सुविधाओं में कमी के बारे में अपना पक्ष रखते हुए मुख्य सचिव ने बताया है कि टर्मिनल भवन के अंदर सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही है। बंद पड़ी कैंटीन भी शीघ्र शुरू होने की संभावना है।

○ सेना के कब्जे वाली जमीन वापसी के लिए ठोस प्रयास जारी

हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 16 जनवरी को





### रन वे पर रीकैपिटिंग करने की राशि भी मंजूर

राज्य के मुख्य सचिव विकासशील की ओर से कहा गया कि इसके साथ ही टर्मिनल भवन के बाहर बहु प्रतीक्षित कैंटीन और टॉयलेट और सिटिंग एरिया आदि का निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है, जिसके दो माह में पूरा होने की संभावना है। इसके अलावा बिलासपुर एयरपोर्ट के रनवे पर रीकैपिटिंग करने की राशि भी मंजूर कर ली गई है।

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के द्वारा दाखिल शपथ पत्र में नाइट लैंडिंग के संबंध में सभी प्रकार के टेस्ट पूरे हो जाने की बात कही गई। इसके साथ ही सारे रिकॉर्ड मुख्यालय में प्रस्तुत कर दिए जाने की बात भी कही गई है। अब मुख्यालय से इन रिकॉर्ड के आधार पर बनी हुई रिपोर्ट मिल जाने पर एयरपोर्ट प्रबंधन नाइट लैंडिंग के लिए आवश्यक लाइसेंस का आवेदन केंद्र सरकार को कर सकेगा।

### 16 जनवरी तक भूमि हस्तांतरण करने कहा

सोमवार की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से उपस्थित अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बी डी गुरु की खंडपीठ को बताया की टर्मिनल भवन में अराइवल हाल और डिपार्चर हाल मैं यात्रियों के लिए जगह कम है और एक नए टर्मिनल भवन की अत्यंत आवश्यकता है। राज्य सरकार की ओर से उपस्थित अतिरिक्त महाधिवक्ता यशवंत सिंह ठाकुर ने कहा कि एक बार बजट से धनराशि मंजूर हो जाने के बाद सभी आवश्यक कार्य कराए जाएंगे। खंडपीठ के द्वारा आज शपथ पत्र के माध्यम से दी गई जानकारी पर संतुष्टि जाहिर करते हुए मामले की अगली सुनवाई 16 जनवरी 2026 को नियत की है और उम्मीद जाहिर की है कि इस वक्त तक भूमि हस्तांतरण आदि का मामला निपट जाएगा।

### खबर संक्षेप

#### शहर में जन्मदिन मनाएंगे उप मुख्यमंत्री अरुण साव



**बिलासपुर।** छग के उपमुख्यमंत्री अरुण साव 25 नवंबर को जिले के भ्रमण पर रहेंगे। इस दौरान वे विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे तथा समर्थकों के साथ जन्मदिन मनाएंगे। श्री साव सुबह 8 बजे आनंद निकेतन सीसीएन के सामने वेयर हाऊस रोड बिलासपुर प्रस्थान करेंगे। श्री साव यहां साढ़े 8 बजे तक रहेंगे। सुबह साढ़े 8 बजे यहां से रतनपुर मां महामाया मंदिर रतनपुर के लिए रवाना होंगे। सुबह 9 से 10 बजे तक रतनपुर पहुंचकर मां महामाया का दर्शन कर आशीर्वाद लेंगे। सुबह साढ़े 10 बजे कोटा में उनका स्वागत किया जाएगा। यहां से सुबह 11 बजे कोटा, जिला-बिलासपुर से विश्राम गृह लोरमी, जिला-मुंगेली रवाना होकर सुबह 11.45 बजे लोरमी पहुंचेंगे। यहां उनका समय आरक्षित रहेगा। दोपहर 12.30 बजे हाईस्कूल मैदान लोरमी पहुंचेंगे। यहां जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 4 बजे ग्राम डिंडौरी लोरमी पहुंचेंगे। यहां जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर सरस्वती सायकल वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 5 बजे कार से ग्राम डिंडौरी लोरमी से व्यापार मेला मुंगेली रवाना होंगे। शाम 7 बजे व्यापार मेला मुंगेली का शुभारंभ करेंगे। तत्पश्चात रात 8 बजे विश्राम गृह मुंगेली जिला मुंगेली पहुंचेंगे। यहां उनका समय आरक्षित रहेगा। रात 9.30 बजे यहां से रायपुर के लिए रवाना होंगे।

#### सीयू में प्रो. रत्नेश बनाए गए डीन

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में शारीरिक शिक्षा विभाग के आचार्य प्रो. रत्नेश सिंह को शिक्षा विद्यापीठ का डीन बनाया गया है। शिक्षा विद्यापीठ के डीन के रूप में प्रो. सीएच बजलवार का कार्यकाल समाप्त हो गया है। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. अश्वनी दीक्षित द्वारा सोमवार को सेंट्रल यूनिवर्सिटी अधिनियम 2009 की धारा के अंतर्गत एवं परिनियम के प्रावधानुसार शारीरिक शिक्षा के विभाग के आचार्य प्रो. रत्नेश सिंह को यूनिवर्सिटी शिक्षण विभाग के शिक्षा विद्यापीठ का डीन नियुक्त किया गया है। शिक्षा संकाय के डीन के रूप में प्रो. सिंह कार्यकाल 26 नवंबर 2025 से 25 नवंबर 2028 तक रहेगा। प्रो. रत्नेश सिंह भी सेंट्रल यूनिवर्सिटी में रजिस्ट्रार पद के दावेदारों में शामिल थे और उनका नाम उन तीन नामों के पेनल में शामिल था जो यूनिवर्सिटी से इंटरव्यू के बाद शिक्षा मंत्रालय नई दिल्ली और राष्ट्रपति भवन को भेजा गया था।

#### रात में तापमान 17 डिग्री पहुंचा, ठंड गायब



**बिलासपुर।** सर्द का मौसम कुछ दिनों के लिए राहत दे रहा है, रात का तापमान 17 डिग्री के आसपास पहुंच गया है, यही कारण है कि ठंड गायब हो चुकी है। मौसम जानकारों के अनुसार कड़ाके की ठंड के लिए अभी इंतजार करना पड़ सकता है। सर्द हवाओं के कमजोर पड़ते ही अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़त देखी जा रही है। सोमवार को अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16.8डिग्री दर्ज किया गया। जानकारों के मुताबिक उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं में ब्रेक लग चुका है, वहीं इस दौरान आसमान पर हल्के बादल भी छाने लगे है, यही कारण है कि सर्द हवाएं अपना असर नहीं दिखा पा रही है। इस दौरान गले की खरास की समस्या आम हो चुकी है, जिसके चलते लोगों को खांसी हो रही है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 29 नवंबर के बाद जिले सहित संभाग में अच्छी ठंड पड़ सकती है।



### रोजाना 12 एमएलडी पानी की कम हो रही सप्लाई

निगम के मुताबिक 40 हजार घरों को रोजाना 42 एमएलडी पानी सप्लाई होती है। मरम्मत के दौरान यह घटकर 30 एमएलडी रह गया है। इसी कारण कि नागरिकों को सिर्फ दो घंटे ही पानी मिल रहा है वह भी कम दबाव में। कई क्षेत्रों में लो प्रेशर और कुछ जगहों पर पानी बिल्कुल नहीं आ रहा है। जिन इलाकों में पाइपलाइन में लीकेज है या जहां बड़े पैमाने पर अवैध कनेक्शन हैं, वहां समस्या और बढ़ गई है। ध्यान रहे कि अभी निगम क्षेत्र में 1,144 पावर पंप हैं, जिनमें से 982 पंप घरों तक सीधे पानी पहुंचाते हैं लेकिन अमृत मिशन लाइन बंद होने पर निगम को सभी पावर पंप चलाने पड़ रहे हैं। इसके अलावा अमृत मिशन शुरू होने के बाद बंद किए गए 66 ट्यूबवेल फिर से चालू किए गए ताकि किसी तरह सप्लाई को संभाला जा सके।

### 30 से अधिक वार्डों में जल संकट गहराया

# आधे शहर में पानी के लिए हाहाकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खूंटाघाट नहर लाइन में मरम्मत कार्य चलते अमृत मिशन तहत सरफेस वॉटर सप्लाई नगर निगम ने बंद कर दी है। इससे आधे शहर में पानी के लिए एक तरह से हाहाकार सा मच गया है। 30 से अधिक वार्डों में एक समय की पानी सप्लाई बंद कर दी गई। एक दो टैंकर वार्डों में जरूर भेजे जा रहे हैं लेकिन इससे कोई राहत नहीं मिल रही। तालापारा, मगरपारा, दयालबंद, तारबहार से लेकर राजेन्द्र नगर, सरकंडा के कुछ वार्डों में अधिक समस्या है। कुछ वार्डों में तो टैंकर और लारी शाम को पहुंच रहे हैं यहां पानी भरने के लिए लोग इस ठंड में बाल्टी और घमला लेकर कतार में खड़े देखे जा रहे हैं। समस्या को देखते हुए महापौर श्रीमती पूजा विधानी की ओर से सभी जोन कमिश्नरों को अलर्ट रहने और पानी की व्यवस्था करने के लिए कहा गया है।

गौरतलब है कि खूंटाघाट की नहर में मरम्मत कार्य के चलते अमृत मिशन योजना तहत सरफेस वॉटर की सप्लाई फिलहाल बंद कर दी गई है। इससे निगम द्वारा शहर के लगभग 40 हजार घरों में ट्यूबवेल के माध्यम से ग्राउंड वॉटर की सप्लाई की जा रही है। इसके साथ ही खूंटाघाट से पानी नहीं आने के कारण सुबह-शाम आधा से एक घंटा की कटौती की जा रही है। ध्यान रहे कि अमृत मिशन योजना तहत अभी नगर निगम द्वारा सुबह 6 बजे से 9 बजे तथा शाम को 5 बजे से रात 8 बजे तक पानी सप्लाई की जाती है। ज्ञात हो कि शहर के 70 वार्डों में 44,281 सामान्य और 5,502 भागीरथी वैध कनेक्शन दर्ज हैं। वहीं 20 हजार से अधिक अवैध कनेक्शन होने का अनुमान है।अमृत मिशन की सप्लाई बंद रहने के दौरान यही अवैध कनेक्शन बड़ी चुनौती बन रहे हैं क्योंकि इनसे लाइन का दबाव और बढ़ गया है।

### 25 हजार से अधिक घरों में पहुंचता है पानी

गौरतलब है कि अमृत मिशन योजना के तहत खूंटाघाट जलाशय से सरफेस वॉटर पाइप लाइन के जरिए बिरकोना स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट लाया जाता है और वहां से पानी पाइप लाइन के जरिए शहर के घरों में सप्लाई होती है। शहर के लगभग 25 हजार घरों में यह पानी पहुंचता है। फिलहाल नगर निगम द्वारा पहले की तरह ही ट्यूबवेल से टंकियों को भरा जाएगा, उसके बाद घरों को पानी सप्लाई की जा रही है। इसके लिए शहर के अलग-अलग जगहों पर 22 बड़ी-बड़ी टंकियां बनी हुई हैं, जिसमें से 4 नई टंकियां अमृत मिशन तहत बनाई गई हैं। अधिकारियों के मुताबिक इन टंकियों को अमृत मिशन के पाइप लाइन से इंटरकनेक्ट किया गया है। खूंटाघाट जलाशय से पानी सप्लाई बंद रहने की स्थिति में पहले ही की तरह अलग-अलग बोर के माध्यम से इन टंकियों को पहले भरा जाएगा, उसके बाद पाइप लाइन जरिए पानी की सप्लाई की जाएगी।

- पानी के लिए ठंड में बाल्टी और घमला लेकर कतार में खड़े हो रहे शहरवासी
- एक दो टैंकर वार्डों में जरूर भेजे जा रहे हैं लेकिन इससे कोई राहत नहीं मिल रही



### अधिकांश टंकियों की मरम्मत ही नहीं की गई

फिलहाल स्थिति यह है कि खारंग जलाशय की दाई तट नहर में बड़े पैमाने पर रिसाव की मरम्मत के चलते बिस्कोना प्लांट को पानी नहीं मिल रहा है। इससे शहर की 22 टंकियों को ट्यूबवेल-पावर पंप के भरोसे चलाना पड़ रहा है। अधिकांश टंकियोंम में कम दबाव, लो प्रेशर और कई इलाकों में सप्लाई बंद की लगातार शिकायतें नगर निगम को मिल रही हैं। दरअसल जबसे अमृत मिशन के तहत पानी की सप्लाई की जा रही है तभी से निगम ने पुरानी टंकियों की मरम्मत पर बिलकुल ध्यान नहीं दिया है। इसी कारण अधिकांश की पाइप और वाल्व के साथ ही दूसरे सामान खराब है। इसलिए एक समय पानी मिल रहा लेकिन उसमें भी असर है।

### टैंकर भेजे जा रहे

नगर निगम क्षेत्र के एक से लेकर 8 जोन कमिश्नरों के साथ ही इंजीनियरों को पानी सप्लाई को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखने कहा गया है। जहां कहीं भी समस्या की बात सामने आ रही है वहां टैंकर भेजे जा रहे हैं। कुछ जगहों पर पानी सप्लाई कम होने की जानकारी मिली है।

**- पूजा विधानी,** महापौर

### इन क्षेत्रों में गहराया पानी का संकट

गौरतलब है कि सरकंडा क्षेत्र के नूतन चौक, पटवारी प्रशिक्षण केंद्र और अशोक नगर में 6 टंकिया हैं जो अमृत मिशन से जुड़ी हैं और खूंटाघाट से पानी मिलता है। यहां करीब 10 हजार घरों को बिस्कोना से फिल्टर होकर पानी सप्लाई होता है। अब पुराने सिस्टम यानी बंद किए गए ट्यूबवेलों को फिर से चालू कर पहले इन टंकियों को भरा जा रहा है। इसी तरह अरपा के इस पार 16 पानी टंकियों से लगभग 30 हजार घरों में अमृत मिशन लाइन से व्यापार विहार, दयालबंद पीजीबीटी कॉलेज, तारबाहर, मगरपारा, तालापारा, भारतीय नगर सहित अन्य क्षेत्रों में सप्लाई होती है। अब यहां पानी का संकट गहरा गया है और यहां टैंकरों से सप्लाई करनी पड़ रही है।

## पांच दुकानों में छापा 4 लाख का धान जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अवैध रूप से खपाने के लिए दुकानों में धान का स्टॉक रखने वाले पांच दुकानों से 338 कट्टा धान जब्त किया गया है। जब्त धान करीब 135 क्विंटल था, जिसकी कीमत चार लाख रूपए आंकी गई है।

जिला प्रशासन के नर्देशानुसार अवैध धान संग्रहण एवं परिवहन के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई की गई है। इसके अंतर्गत सोमवार को आधा दर्जन से ज्यादा स्थानों पर छापामार कार्रवाई की गई, जिसमें 5 दुकानों से 338 कट्टा अवैध रूप से रखा गया धान जब्त किया गया। जब्त धान की कीमत सवा 4 लाख रूपए से ज्यादा की है। मण्डी अधिनियम के तहत उपरोक्त मामलों में केस दर्ज किया गया है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि धान की आवक बढ़ने के साथ दलालनुमा लोग भी अपना धान खपाने के प्रयास में लगे हैं। प्रशासन ने ऐसे लोगों की सूची तैयार की है और उनकी हर गतिविधियों पर प्रशासन की नजर है। एसडीएम एवं राजस्व विभाग के नेतृत्व में बनी जांच टीम को सक्रिय कर दिया गया है।

- अवैध धान भण्डारण के विरूद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई

जिन दुकानों में जांच एवं कार्रवाई की गई उनमें सेन्दरी (कोनी) के व्यापारी शत्रुघ्न साहू के संस्थान से 75 कट्टी धान जब्त किया गया। इसी प्रकार सलका (बेलतरा) निवासी रामकृष्ण कश्यप के संस्थान से 50 कट्टी धान, कोटा के थोक व्यापारी हरीश गोयनका के स्वास्तिक ट्रेडर्स से 36 क्विंटल धान जब्त किया गया। इसी तरह सीपत के एक किराना व्यवसायी के कब्जे से भी 60 कट्टी अवैध रूप से रखा गया धान बरामद किया गया। सीपत तहसील के अंतर्गत ग्राम खम्हरिया में भी व्यापारी विनोद गोयल के यहां से 63 बोरी धान बरामद किया गया। सम्पूर्ण खरीदी अभियान के अंतर्गत इस तरह अवैध धान संग्रहण एवं परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

## पत्नी की बिस्तर में व पति की फांसी पर लटकी लाश मिलने से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सफाईकर्मी पत्नी की बिस्तर में और पति की पंखे में फांसी पर लटकी लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। मृत्यु के पहले पति ने दीवार पर लिपिस्टिक से राजेश विश्वास का नाम लिखा है। चरित्र संदेह पर पत्नी की गला दबाकर हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, भूकंप अटल आवास निवासी नेहा उर्फ शिवानी तांबे ने 10 साल पहले राज तांबे से प्रेम विवाह किया था। उनके तीन बच्चे हैं, दोनों पति पत्नी लायंस कंपनी में सफाईकर्मी का काम करते थे। सोमवार को दोपहर तक पति पत्नी के घर से बाहर नहीं निकलने पर पास में रहने वाली नेहा उर्फ शिवानी की मां रीना चिन्ना देखने के लिए उनके घर गई। धक्का देकर दरवाजा खोलकर अंदर गई तो उनकी बेटी नेहा उर्फ शिवानी बिस्तर पर मृत पड़ी थी और उनका दमाद पंखे में फांसी पर झूला हुआ था। पति पत्नी की लाश मिलने से अटल आवास में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते सरकण्डा पुलिस व फोरेंसिंक टीम मौके पर पर पहुंच गई। फोरेंसिंक अधिकारी के द्वारा जांच के बाद पति पत्नी का शव मरच्यूरी में रखवा दिया गया है।

- चरित्र संदेह में पत्नी की हत्या करने की आशंका



### दीवार पर लिपिस्टिक से लिखा नाम

पति ने मृत्यु के पहले दीवार पर लिपिस्टिक से लिखा लड़के का नाम राजेश विश्वास, मो. 90930, 67838। इसके अलावा पृथक से एक पन्ने का सुसाइट नोट मिला है, जिसमें पति की मौत का जिम्मेदार राजेश विश्वास को बताया है।

### गले में खरोंच के निशान

पुलिस को प्रथम दृष्ट्या में जांच के दौरान मृतका नेहा उर्फ शिवानी के गले में खरोंच के निशान मिले हैं। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि पहले पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या करने के बाद फांसी पर लगाकर आत्महत्या की है। आसपास के लोगों ने पुलिस को बताया, चरित्रशंका को लेकर पति पत्नी के बीच आए दिन विवाद होते रहता था।

### फिल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' के इंटरव्यू के लिए मुंबई गए थे लखन

# सलेक्शन होता तो धर्मेंद्र नहीं, शहर के लखन होते सुपरस्टार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

धर्मेंद्र की पहली फिल्म दिल भी तेरा हम भी तेरे के लिए अगर धर्मेंद्र की जगह इनका चयन हुआ होता तो संभवतः बिलासपुर शहर के स्व. लखनलाल मिश्रा सुपरस्टार होते। श्री मिश्रा को भी इस फिल्म में इंटरव्यू के लिए मुंबई से कॉल आया था। ट्रेन से मुंबई जाने के लिए जब वे रेलवे स्टेशन पहुंचे तो बाजे-गाजे के साथ शहर के युवाओं की फौज उनके साथ थी, सभी ने शुभकामनाएं देकर उन्हें विदा किया, परन्तु मुंबई में इंटरव्यू हुआ तो उनकी और अन्य युवाओं की जगह चयन धर्मेंद्र का हुआ।



जूना बिलासपुर निवासी रिटायर्ड एडीआईएस स्व. लखनलाल मिश्रा के पुत्र अमित मिश्रा ने बताया कि सुपर स्टार धर्मेंद्र के निधन की खबर मिलते ही उन्हें अपने पिता के द्वारा बताया गया वह वाक्या याद आ गया। उनके पिता स्व. मिश्रा बताया करते थे कि मुंबई में 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' नाम की एक फिल्म बनाई जानी थी, जिसके लिए हीरो की तलाश की जा रही थी, प्रतिभाशाली युवाओं के इंटरव्यू लिए जा रहे थे। इंटरव्यू के लिए उन्हें भी कॉल किया गया था, जिससे शहर में उत्साह का वातावरण निर्मित हो गया था।

### ब्रश पेंट से कलर की गई फोटो

अमित बताते हैं कि उस समय के शहर के प्रसिद्ध लाल फोटो स्टूडियो के मालिक ने श्री मिश्रा के मित्र भागवत जायसवाल के द्वारा भेंट किए गए सूट के साथ उनकी निःशुल्क फोटो खींची, वह ब्लैक एंड व्हाइट फोटो का जमाना था, परन्तु फोटो रंगीन भेजी जानी थी, इसलिए ब्रश पेंट की सहायता से रंगीन फोटो बनाई गई। शहर के युवाओं ने बड़े उत्साह के साथ स्व मिश्रा को बाजे-गाजे के साथ स्टेशन छोड़ा, उन्हें शुभकामनाएं दीं। मुंबई पहुंचने के बाद इस फिल्म के लिए 17 युवाओं ने इंटरव्यू देकर अपना अपना भाग्य आजमाया।

### सभी से मिलाया हाथ

फिल्म के हीरो के लिए इंटरव्यू में कई तरह के सवाल पूछे गए, उसके बाद सभी इंटरव्यू देने वाले युवा धड़कते दिल से रिजल्ट का इंतजार करते बैठे रहे। कुछ देर बाद भीतर से एक व्यक्ति संदेश लेकर आया, उसने बाहर बैठे युवाओं से पूछा कि धर्मेंद्र कौन है ? बधाई हो इस फिल्म के लिए आपको चुना गया है। इतना सुनना था कि चेहरे पर भरपूर खुशी के साथ धर्मेंद्र खड़े हुए और इंटरव्यू देने वाले अन्य 16 लोगों से न केवल हाथ मिलाया, बल्कि समझाइश भी दी कि मायूस नहीं होना और ट्राई करते रहना। आप भी एक दिन जरूर सफल होंगे। इंटरव्यू के बाद स्व. शर्मा शहर लौटकर आ गए और अपने दैनिक कार्यों में व्यस्त हो गए। उधर इंटरव्यू में चयनित धर्मेंद्र को सफलता पर सफलता मिलती गई और वे सुपर स्टार बन गए।

### ही मैन के निधन से शोक की लहर

ही मैन के नाम से प्रसिद्ध धर्मेंद्र के निधन से फिल्म प्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई है। जैसे ही टीवी चैनल में उनके निधन की खबर प्रसारित की गई, वैसे ही पुरानी फिल्मों के प्रेमी यादों में खो गए। घरों के ड्राइंग रूम से लेकर चौराहों तक पुरानी फिल्में और गाने याद किए जाने लगे। सोशल मीडिया में भी लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने लगे। लोग शहर की टाकीजों में लगी धर्मेंद्र की पुरानी फिल्मों, विशेषकर शोले जैसी फिल्म की याद करते रहे।




छत्तीसगढ़ के यशस्वी उप मुख्यमंत्री
मा. अरुण साव जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. सोमनाथ यादव
पूर्व अध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग आयोग छ.ग. शासन
पूर्व राज्य मुख्य आयुक्त, भारत स्काउट गाइड छ.ग. शासन
नीरज यादव
जिला प्रशिक्षण प्रमुख, भारतीय जनता युवा मोर्चा बिलासपुर
जिला अध्यक्ष, बांस गीत गाथा अकादमी बिलासपुर, छत्तीसगढ़


छत्तीसगढ़ के माटीपुत्र
सहज, सरल, जन-जन की आवाज़
माननीय उप-मुख्यमंत्री
श्री अरुण साव जी
को जन्मदिवस की अशेष शुभकामनाएं
सुशांत शुक्ला
विधायक बेलतरा विधानसभा
विनीत: Shree Balaji Engicons Limited
J.J.Ad


“त्वं जीव शतं वर्धमानः, जीवनस्य सकलकामनासिद्धिरस्तु।
जन्मदिनमिदम् अपि प्रिय सखे अरूण, शं तनोतु ते सर्वदा मुदम।।”
मुंगेली के माटी पुत्र, प्रदेश के यशस्वी उप मुख्यमंत्री एवं हमारे प्रिय मित्र
मान. श्री अरूण साव जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं...
25 नवंबर 2025
मान. श्री अरूण साव जी
उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
आशीष मिश्रा
संजय वर्मा
सुनील पाठक
मोहन मल्लाह
अमितेश आर्य
हम है आपके शुभचिंतक
राम कमल सिंह
नंद कुमार सिंह
नारायण शर्मा
नरेन्द्र सिंह
लाला राम साहू
दिनेश कश्यप
मनोहर मोहले
राकेश साहू
जगदेव गबेल
कैलाश साहू
राकेश उपाध्याय
महंत राधेश्याम
विजेन्द्र दीक्षित
तुलसी साहू
शिवकुमार उपाध्याय
रामकृष्ण देवांगन
दाताराम गबेल
हरिभजन सिंह
प्रभा भास्कर
पायल विश्वकर्मा
मंदाकिनी यादव
मनोहर गबेल
रज्जू श्रीवास
राघवेन्द्र सिंह
रघुराज सिंह
श्रीहरि सिंह
पुष्प राज सिंह
माधव सिंह
शिवशंकर साहू
दिनेश पात्रे
Happy Birthday
जगमोहन गिरी
रामकुमार यादव
जितेन्द्र भास्कर
सेव प्रकाश साहू
देवचरण साहू
मनीष सोनी
हीरा कश्यप
त्रिवेन्द्र जोगवंशी
विजय जांगड़े
सूरज तिवारी
सुखचंद साहू
मोहित डाहिरे
राजेश गुप्ता
विनीत: सेतगंगा भाजपा मण्डल मुंगेली
संकलन - जयकुमार ताम्रकार, जिला प्रतिनिधि हरिभूमि, जिला कार्यालय मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230


छत्तीसगढ़ के माटिपुत्र
मान. श्री अरुण साव जी
उप मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
को
जन्मदिन
की हार्दिक
शुभकामनाएं...
रमेश जायसवाल
श्यामलाल दुबे
मनोज साहू
विनोद तिवारी
योगेश ठाकुर
राजेन्द्र साहू
त्रिवेणी शंकर साहू
सुशील चौबे
महेन्द्र जायसवाल
जलेश्वर साहू
गौरव शर्मा
वितेन्द्र पाठक
अभिजीत पाण्डेय
रतिन्द्र उपाध्याय
कृष्णा साहू
शिवम सिंह
सत्यजीत भौमिक
आदित्य तिवारी
रविन्द्र उपाध्याय
पीयूष गौरहा
ज्योतिन्द्र उपाध्याय


माननीय उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन
Happy Birthday
मा. अरुण साव जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मा. अरुण साव जी
उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन
जीवन साहू
महामंत्री भाजपा मण्डल गोड़खाम्ही
जवाहर दिवाकर
महामंत्री भाजपा मण्डल गोड़खाम्ही
लेखराज सिंह ठाकुर
अध्यक्ष भाजपा मण्डल गोड़खाम्ही
संकलनकर्ता
कृष सोनी
हरिभूमि प्रतिनिधि, लोरमी
मो. 8839175881
विनीत: भारतीय जनता पार्टी मण्डल गोड़खाम्ही


आप दीर्घायु हों
छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र, लोरमी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक,
छत्तीसगढ़ के यशस्वी उप मुख्यमंत्री
मान. अरूण साव जी
उप मुख्यमंत्री
( नगरीय प्रशासन, लोकनिर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रकी
खेल एवं युवा कल्याण मंत्री )
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
विनीत:- भारतीय जनता पार्टी जिला बिलासपुर ग्रामीण (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### तेग बहादुर विद्यालय में बच्चों को स्वेटर स्वच्छता दीदियों को कंबल वितरण



**बिलासपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर का 350 वां शहीदी दिवस श्री गुरु तेग बहादुर उमावि में मनाया गया। इस अवसर पर श्री गुरु तेग बहादुर के छायाचित्र पर शिक्षण समिति के पदाधिकारी द्वारा पुष्प अर्पित कर दीप प्रचलित किया गया। ज्ञानी सरवन सिंह ने पाठ कर अरदास की। शिक्षण समिति के अध्यक्ष अजीत सिंह भोगल ने कहा कि सिखों के 9 वें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर का जीवन एक सहज सत्य साहस और समानता रहा। कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय के बच्चों शिक्षकों को प्रसाद वितरण किया गया। साथ ही गुरु जी की याद में जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया। स्वच्छता दीदीयो को कंबल बांटे गए। बच्चों ने श्री गुरु तेग बहादुर जी अमर रहे के भी नारे लगाए। इस अवसर पर त्रिलोचन सिंह, गुरप्रीत सिंह, अमरदेव भगत, सुखविंदर सिंह, मनदीप कौर, गरिमा सिंह, अमित चतुर्वेदी, नितिन पटेल, प्रतिभा यादव, तृप्ति कर्मकार, निशा यादव, प्रमिला साहू, सरल तिवारी आदि मौजूद थीं।

### पीएससी में चयनित स्वाति बनी आबकारी उप निरीक्षक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी चयन सूची में स्वाति मेहर को आबकारी उप निरीक्षक के पद पर चयनित किया गया है। स्वाति वर्तमान में शासकीय उच्चतर



माध्यमिक विद्यालय राजेंद्रनगर बिलासपुर में सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर कार्यरत हैं। स्वाति ने बताया कि यह सफ़लता उनके निरंतर परिश्रम, दृढ़ निश्चय और नियमित अध्ययन के साथ माता-पिता के आशीर्वाद का परिणाम है। स्वाति की माता प्रमिला मेहर ( लेखापाल ) स्वामी आत्मानंद स्कूल सकेरी बिलासपुर एवं पिता द्वारिका प्रसाद (व्याख्याता ) गहीरागुरु स्कूल कुसमी बलरामपुर में कार्यरत हैं।

### देशभक्ति पूर्ण कविताओं का साझा संग्रह तिरंगे में लिपट जाऊं का विमोचन



**बिलासपुर।** देशभक्ति पूर्ण कविताओं का साझा संग्रह " तिरंगे में लिपट जाऊँ " का प्रकाशन और विमोचन का आयोजन किया गया । इस कृति के कवि भूपेन्द्र श्रीवास्तव और युवा कवि दीपक दुबे है। इस साझा संग्रह में बिलासपुर सहित पूरे देश के सुप्रसिद्ध 58कवि कवयित्रियों की देशभक्ति पूर्ण कविताएं संग्रहित हैं । समीक्षक डॉ विनय कुमार पाठक ने लिखा है कि तिरंगे में लिपट जाऊं" साझा काव्य संग्रह में राष्ट्रीयता पर केंद्रित और समसामयिक स्थितियां कारगिल युद्ध, पहलगाम एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर एवं शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि पर आधारित रचनाएं राष्ट्रीय विमर्श के को पल्लवित पुष्पित करेंगे। रमेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि यह काव्य संग्रह एक ओर भारतीय जनमानस पर राष्ट्र प्रेम राष्ट्रवाद एवं राष्ट्रीयता की भावना को और अधिक सुदृढ़ करेगी। ओपन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो वीरेंद्र कुमार सारस्वत कहा कि यह साझा संकलन आने वाली पीढ़ी में मातृभूमि की सेवा हेतु एक प्रेरणा बने । एयू के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेई ने कहा कि यह नई पीढ़ी को देश सेवा की प्रेरणा भी प्रदान करेगा । भूपेंद्र श्रीवास्तव लेखक कवि साहित्यकार ने कहा कि कोई भी युद्ध जीतने के लिए संसाधनों के साथ मनोबल और देशभक्ति आवश्यक है । इस अवसर पर दीपक दुबे, वैभव दुबे, किरण राठौर, सुरेंद्र शर्मा, सुरेश सिंह बैंस, जगतारण डहरे, प्रेम नारायण चौबे, पूर्णिमा तिवारी आदि मौजूद थे।

### गायत्री शक्ति पीठ का विद्यार्थियों में व्यक्तिगत विकास पर कार्यशाला

**बिलासपुर।** प्रो. रामनारायण शुक्ल द्वारा स्थापित द्वारिका प्रसाद शुक्ल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भकुर्रा नवापारा में गायत्री शक्तिपीठ सकरी के सौजन्य से विद्यार्थियों में व्यक्तिगत विकास एवं आदर्श चरित्र निर्माण करने कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के 600 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में वाराणसी (उ.प्र) के श्रीमद् प्रज्ञा पुराण कथावाचक, विद्यार्थी एवं युवा के प्रेरणा स्रोत भोले अनिलेश तिवारी ने संबोधित किया। उन्होंने युवा पीढ़ी को आदर्श व्यक्तित्व एवं उच्च चरित्र निर्माण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने वर्तमान शिक्षा पद्धति को अंग्रेजी गवर्नर लॉर्ड मैकाले का देन बताते हुए पैसा कमाने एवं डिग्री प्राप्त करने पर आधारित बताया। वर्तमान में विद्यार्थियों द्वारा अपनाने पर जोर दिया। विद्यार्थियों को अध्यात्म से जुड़ने एवं सत्कर्म करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान पाठक योगेश मिश्रा रहे। विशिष्ट अतिथि शत्रुघ्न कश्यप थे। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य रामजी राजपूत ने किया।

## निधन

### सतीश साहू



**बिलासपुर।** तखतपुर के ग्राम पदमपुर निवासी सतीश साहू का 23 नवंबर को निधन हो गया। वे 45 वर्ष के थे। इनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम पदमपुर में किया गया। वे द्वारिका प्रसाद साहू के पुत्र, सुरेश, रूपेश, बद्री एवं संदीप साहू के भाई, बिंदु साहू के पति और खोमेश साहू के पिता थे।

### भागीरथी यादव



**बिलासपुर।** ग्राम बसिया निवासी भागीरथी यादव का 23 नवंबर को निधन हो गया। वे 72 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बसिया मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रमोद यादव, यशवंत यादव के पिता थे ।

---

**बंगलादेश के ढाका में 17 से 24 नवंबर तक हुई प्रतियोगिता** | **खिलाड़ी के शानदार प्रदर्शन से भारत ने जीता विश्वकप**

# बिलासपुर से प्रशिक्षित संजू ने बंगलादेश में लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संजू देवी ने बिलासपुर के राज्य खेल आवासीय परिसर में कबड्डी का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद इंडिया की कबड्डी टीम में शामिल होकर चीन के खिलाड़ियों को धूल चटा दी। संजू देवी के शानदार खेल प्रदर्शन से भारत की महिला कबड्डी टीम विश्वकप में विजेता बनी, इसके लिए संजू को प्लेयर आफ द टूर्नामेंट चुना गया।

बंगलादेश के ढाका में 17 से 24 नवंबर तक द्वितीय महिला कबड्डी विश्वकप का आयोजन किया गया। इसमें भारतीय महिला कबड्डी टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश किया, जहां फाइनल मुकाबले में चाइनीज ताइपे को हराकर इतिहास रच दिया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में 35-25 से भारत की टीम ने चाइनीज टीम को हराकर विजेता होने का गौरव हासिल किया। छत्तीसगढ़ राज्य के 25वर्ष के इतिहास में यह पहला अवसर रहा, जब राज्य के किसी भी कबड्डी खिलाड़ी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व किया। मार्च 2025 में ही संजू देवी ने ईरान में आयोजित 6वीं महिला एशियन कबड्डी चैम्पियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया और कबड्डी वर्ल्डकप के लिए क्वालीफाई किया। बिलासपुर में संचालित बालिका आवासीय कबड्डी अकादमी की संजू देवी ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इसके लिए उन्हें प्लेयर आफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार प्रदान किया गया।




**बिलासपुर में मनाया गया जश्न**

भारतीय देल के विजयी होने और संजू देवी के शानदार प्रदर्शन के लिए सचिव, संचालक खेल एवं युवा कल्याण ने उनके कोच को बधाई दी है। वहीं बहतराई राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र में भारतीय टीम की जीत का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर सहायक संचालक ए एक्का, एचपी एम, कुलदीप सिंह बरार, सुशील अमलेश, हॉकी हेड कोच अजीत ई लकड़ा, एथलेटिक्स के हेड कोच जसविंदर सिंह भाटिया, वरिष्ठ प्रशिक्षक दिलीप कुमार सिंह, राकेश टोप्पो, हरगुलशन सिंह, शशिकांत बघेल, प्रदीप यादव सहित स्टाफ एवं खिलाड़ी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### युगाण्डा को हराकर सेफा में

संजू देवी ने अपने मंसूबे से बताया दिया कि न केवल वह कबड्डी वर्ल्ड कप हासिल करेगा, बल्कि पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करेगी। संजू के शानदार प्रदर्शन से भारत ने अपने पुल में पहले मुकाबले में थाईलैंड को 65-20 से, बांगलादेश को 43-18 से, जर्मनी को 63-22 से, युगाण्डा को 51-16 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

### ईरान ने दी टक्कर

फाइनल मुकाबले में पहुंचने से पहले भारतीय टीम की महिला खिलाड़ियों को काफी संघर्ष करना पड़ा। भारतीय टीम का सेमीफाइनल मुकाबला प्रतियोगिता में शामिल हुई सबसे मजबूत टीम ईरान के साथ हुआ। ईरान और भारतीय टीम के खिलाड़ी एक दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे थे। तभी संजू देवी ने पहले दो रेड असफल होने के बाद अपने सभी रेड में अंक हासिल किया। रक्षण में भी एक खिलाड़ी को डैश कर भारत को सेमीफाइनल में जीत दिलाकर फाइनल तक पहुंचने में संजू का अहम योगदान रहा।

---

**विशेष ड्रेस कोड में शामिल हुए समाज के लोग**

# दयालबंद गुरुद्वारा से निकली सिमरन शहीदी बाइक रैली, हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद बिलासपुर में सिखों के नौवें गुरु श्री गुरुतेग बहादुर साहिब के 350वें शहादत वर्ष को समर्पित शहीदी सप्ताह श्रध्दा से मनाया जा रहा है। इसमें सोमवार को बाहर से आए एवं स्थानीय हजूरी रागी जत्था ने विशेष दीवान सजाया। शाम को एक विशेष सिमरन शहीदी बाईक रैली निकाली गई।

शहादत वर्ष पर विशेष दीवान के लिए श्री अमृतसर साहिब दरबार साहिब से आए हजुरी रागी जत्था भाई साहब सुखवंत सिंह, चंडीगढ से पंथ के प्रसिद्ध कथा प्रचारक भाई साहब अमरीक सिंह, गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ सभा दयालबंद के हजूरी रागी जत्था भाई साहब भाई मनिंदर सिंह, हेड ग्रंथी भाई साहब मान सिंह बडला ने सोमवार को सुबह का विशेष दीवान सजाया। शाम को निकाली गई बाइक रैली में समाज के पुरूषों ने सफेद ड्रेसकोड व केसरी पगडी, बहनें सफेद सूट व केसरी चुन्नी में भाग लिया एवं शहीदी सिमरन करते हुए गए। बाईक रैली गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ सभा दयालबंद से आरंभ होकर गुरुनानक चौक, रेल्वे काली मंदिर चौक, जगमल चौक, गांधी चौक, तारबाहर चौक, सीएमडी कालेज चौक, अग्रसेन चौक, सत्यम टाकीज चौक, पुराना बस स्टैंड, तेलीपारा रोड, गोल बाज़ार, सदर बाजार, देवकीनंदन चौक, नेहरु चौक, गुरुतेग बहादुर चौक होते हुए श्री कलगीधर गुरुद्वारा 27 खोली पहुंची। 24 नवंबर शाम का दीवान गुरुद्वारा श्री कलगीधर 27 खोली में सजाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी दयालबंद, प्रबंधक कमेटी श्री कलगीधर गुरुद्वारा 27 खोली, प्रबंधक कमेटी सेन्ट्रल गुरुद्वारा गोंड़पारा सहित अन्य गुरुद्वारा की प्रबंधक कमेटी एवं पंजाबी समाज का सहयोग रहा।



सोमवार को श्री गुरुतेग बहादुर साहिब की शहीदी रैली में शामिल समाज के लोग।





### महिला स्त्री सत्संग ने की पुष्प वर्षा

बाइक रैली का सेंट्रल गुरुद्वारा गोड़पारा की महिला स्त्री सत्संग ने सदर बाजार करोना चौक में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया एवं गुरुजी के आदर्श सत्य, करुणा, भाईचारा और समरसता को अपने जीवन में धारण करने का संकल्प लिया। इस मौके पर डिंपल उपवेजा, परमजीत उपवेजा, चंचल सलूजा, बॉबी छाबड़ा, चंचल उपवेजा, बलवीर सिंह सलूजा, प्रीतम सलूजा, सुरजीत सलूजा, महिला स्त्री सत्संग की अध्यक्ष मीना सलूजा सहित साध संगत उपस्थित थी।

---

**कालेजों में कोर्स अधूरा**

# प्राचार्यों ने इस माह सेमेस्टर एग्जाम कराने से हाथ खड़े किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- दिसंबर में एग्जाम कराने बनी सहमति
- एयू मिटिंग में पहुंचे 70 कालेजों के प्राचार्य

कालेजों में अभी कोर्स पूरा नहीं हुआ है और अधूरे कोर्स के बीच अटल यूनिवर्सिटी ने इस माह से सेमेस्टर एग्जाम आयोजित करने जा रही थी, लेकिन कोर्स अधूरा होने और तैयारी नहीं हो पाने के कारण कालेजों के प्राचार्यों ने नवंबर माह में सेमेस्टर एग्जाम कराने से हाथ खड़े कर दिए हैं। इसलिए दिसंबर माह में सेमेस्टर एग्जाम कराए जाने सहमति बनी है।

अटल यूनिवर्सिटी में आज गवर्नमेंट व प्राइवेट कालेजों के प्राचार्यो एवं नोडल अधिकारियों की मिटिंग बुलाई गई थी। इस मिटिंग में यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी समेत रजिस्ट्रार तार्णिश गौतम और परीक्षा नियंत्रक तरूणधर दीवान आदि यूनिवर्सिटी के अधिकारी भी उपस्थित रहे। यूनिवर्सिटी की ओर से बताया गया कि 28 नवंबर से सेमेस्टर एग्जाम प्रस्तावित है, किन्तु कालेजों के प्राचार्यो ने इस माह भीतर एग्जाम चालू कराने से यह कहते हुए हाथ खड़े कर दिए कि अभी तैयारी नहीं हो पाई है और कालेजों में कोर्स भी अधूरा है। अधिकांश कालेजों की ओर से फिलहाल सेमेस्टर एग्जाम की तिथि आगे बढ़ाने का सुझाव दिया गया। इस पर यूनिवर्सिटी और कालेजों के प्राचार्यो के बीच दिसंबर माह में 12 तारीख से एग्जाम आयोजित करने पर सहमति बनी।

### परीक्षा समय में परिवर्तन का सुझाव

कालेजों के प्राचार्यों की ओर से मिटिंग दौरान यह सुझाव भी दिया गया कि चूंकि ठंड का मौसम है, इसलिए परीक्षा समय में बदलाव किया जाए। प्रथम पाली सुबह 7 बजे के बजाए सुबह 8 बजे से परीक्षा आयोजित की जाए। इसी तरह द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे की जगह पर दोपहर 1 बजे से परीक्षा लिए जाने की बात रखी गई है। प्राचार्यो का कहना था सुबह बहुत ठंडी रहती है जिससे परीक्षार्थियों को परेशानी होगी।



---

## यूटीडी समेत कालेजों के परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव की मांग

**बिलासपुर।** एयू के यूटीडी समेत संबद्ध प्राप्त कालेजों में सेमेस्टर परीक्षा होने वाली है। सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव की मांग को लेकर सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र अटल यूनिवर्सिटी पहुंचे थे। यूनिवर्सिटी द्वारा जो परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है उसे लेकर छात्रों को असुविधा हो रही है।

यूनिवर्सिटी पहुंचे छात्रों का कहना है कि यूनिवर्सिटी अंतर्गत संचालित कालेजों एवं यूटीडी के छात्र-छात्राओं की परीक्षा तिथि घोषित की गई है, जिससे उन्हें काफी असुविधा होगी। परीक्षा तिथियों के दौरान शैक्षणिक एवं प्रायोगिक अन्य गतिविधियां प्रभावित हो रही है। उन्होंने मांग की कि परीक्षा कार्यक्रम विद्यार्थियों की सुविधा एवं तैयारी अवधि को ध्यान में रखते हुए पुनः निर्धारित किया जाए ताकि सभी छात्रों को समान रूप से लाभ मिल सके। छात्रों का कहना है कि यदि परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन नहीं किया गया तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, क्योंकि अभी यूनिवर्सिटी यूटीडी में आंतरिक मूल्यांकन नहीं हो पाया है और कई कालेजों में अभी आंतरिक मूल्यांकन हुआ है। यूनिवर्सिटी प्रशासन को विद्यार्थियों की हित में परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव करना चाहिए, जिससे यूनिवर्सिटी की परीक्षा परिणाम अच्छा आ सके। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नैतिक नामदेव, देवेश शर्मा, सुधांशु यादव आदि छात्रों ने अटल यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक डॉ. तरूणधर दीवान से मिलकर अपनी बात रखते हुए ज्ञापन भी सौंपा है।



## 46 लाख विवाह-व्यापार को मिलेगा फायदाः कैट

**बिलासपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा ने बताया कि कैट की अनुसंधान शाखा कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी के नवीनतम अध्ययन के अनुसार 1 नवंबर से 14 दिसंबर के बीच प्रदेश सहित देशभर में लगभग 46 लाख शादियां होंगी। जिनसे करीब लगभग 6.50 लाख करोड़ का व्यापार होने का अनुमान है।

कैट के महामंत्री हीरानंद जयसिंह ने बताया कि शादी बजट के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर 3 प्रतिशत शादिया 1 करोड़ से लेकर 10 करोड़ के बजट में होंगी, जबकि 9 प्रतिशत शादियों का बजट 50 लाख से 1 करोड़ के बीच रहेगा। लगभग 25 प्रतिशत शादियां 25 लाख से 50 लाख के बजट में होंगी। 22 प्रतिशत शादियां 15 लाख से 25 लाख की श्रेणी में आएंगी। सर्वाधिक 41 प्रतिशत शादियां 15 लाख से कम बजट में होंगी। यह आँकड़े दर्शाते हैं कि विवाह उद्योग हर वर्ग के लिए समान रूप से अवसर पैदा करता है। आशीष अग्रवाल, परमजीत उबेजा ने बताया कि इस वर्ष प्रति शादी खर्च में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। अध्ययन में यह सामने आई है कि शादी से जुड़े 70 प्रतिशत से अधिक सामान अब भारतीय निर्मित हैं। परिधान, आभूषण, सजावट सामग्री, बर्तन, कैटरिंग आइटम आदि। चीनी लाइटिंग, इम्पोर्टेड डेकोरेशन, गिफ्ट एक्सेसरीज़ आदि की मांग में गिरावट आई है। इससे भारतीय कारीगरों, ज्वैलर्स और वस्त्र उद्योग को बड़ा लाभ मिल रहा है। देवउठनी एकादशी के बाद से ही बैंड-बाजा-बारात का दौर शुरू हो चुका है और सभी भवन, रिसॉर्ट तथा मैरिज लॉन लगभग फुल बुक हैं। होटल एवं हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में 85-95 प्रतिशत तक बुकिंग रहने का अनुमान है, जो सामान्य दिनों से लगभग दोगुना है। इससे डेकोरेटर, कैटरिंग, फ्लोरिस्ट, कलाकार, ट्रांसपोर्ट, हॉस्पिटैलिटी और एमएसएमई सेक्टर को सीधा लाभ मिलेगा।

---

**देश व समाज से जुड़कर सेवा करने की प्रेरणा देता है एन सी सी- सूबेदार पाटनवार**

# सीवीआरयू में एनसीसी कैडेट्स ने किया शौर्य का प्रदर्शन, दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय में एनसीसी का 78वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने अपने शौर्य का प्रदर्शन किया । एनसीसी कैडेट्स ने मार्च पास्ट, रिट्रीट सेरेमनी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी।

विश्वविद्यालय में वर्ष 2017 से एनसीसी की इकाई स्थापित की गई है। इसकी स्थापना के बाद से लगातार आरडीसी, थल सेना सहित केंद्र सरकार के रक्षा और गृह विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय ने प्रतिनिधित्व किया है। इसके मुख्य अतिथि पूर्व सैनिक सूबेदार अखिलेश पटनवार ने एनसीसी कैडेट्स से कहा कि एनसीसी सिर्फ डिग्री लेने के लिए ज्वाइन नहीं करना चाहिए । वास्तव में एनसीसी एक अलग जीवन है। यह जीवन को देश समाज से जुड़कर उनकी सेवा करने की प्रेरणा देता है । उन्होंने एनसीसी कैडेट्स से समर्पण, निष्ठा और देशभक्ति के कई उदाहरण साझा किया। इस अवसर पर सूबेदार अखिलेश पाटनवार की पत्नी शीला पटनवार ने बताया कि एक सैनिक की पत्नी और परिवार को कितने समर्पण करने होते हैं । कितने त्याग करने होते हैं। उन्होंने अपने परिवार से जुड़े संघर्ष से भरे अनछुए पहलुओं को सभी से साझा किया।




### कैडेट्स जो भी काम करें वह ईमानदारी और अनुशासन से करें : कुलपति

विवि के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि विवि के एनसीसी कैडेट्स सही मायने में इस कैंपस के रोल मॉडल हैं। बड़ी जिम्मेदारी है कि वह जो भी काम करें वह ईमानदारी और पूरे अनुशासन से करें। उन्होंने कहा, कि जब ईमानदारी और अनुशासन जीवन में समाहित हो जाएगा तब जीवन की सफलता सुनिश्चित है। जीवन में कभी भी भटकाव नहीं होगा। इस अवसर पर विद्यार्थी एनसीसी कैडेट्स ने मार्च पास्ट किया। इसके साथ-साथ एनसीसी कैडेट्स ने रिट्रीट सेरेमनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। देशभक्ति की भावना से उत्प्रोत नाटक का मंचन किया। विवि की डीन एकेडमी डॉ जयती चटर्जी ने सभी कैडेट्स देश की सुरक्षा देशभक्ति का जज्बा को लेकर ही आगे बढ़ें । अंत में डॉ जयशंकर यादव ने आभार प्रकट किया । कार्यक्रम का संचालन डॉ ब्रम्हेश श्रीवास्तव ने किया।

### एसआईआर की समय अवधि बढ़ाने की मांग

**बिलासपुर।** निर्वाचन आयोग से प्रदेश में एसआईआर की खामियों को तत्काल सुधारने की मांग आप पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला ने की है। इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान जमीनी स्तर पर लोगों को परेशानी हो रही है व प्रक्रिया में भारी अनियमितता दिखाई दे रही है। बीएलओएस को पर्याप्त प्रशिक्षण नहीं मिला है, दिशा-निर्देश स्पष्ट नहीं हैं और कई स्थानों पर अनावश्यक दस्तावेज़ मांगे जा रहे हैं, जिससे नागरिकों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। इसलिए निर्वाचन आयोग से मांग है कि इसकी समय सीमा अतिरिक्त 6 माह बढ़ाई जाए।





























संकलनकर्ता-नूतन गुप्ता हरिभूमि प्रतिनिधि व प्रेस क्लब सचिव, लोरमी मो. 9981005353


लोरमी के विकास पुरूष
मा. अरूण साव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
HAPPY BIRTHDAY
अंकिता रवि शुक्ला
पूर्व अध्यक्ष, नगर पालिका लोरमी
रवि शुक्ला
पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि, न. पा. लोरमी
संकलनकर्ता
कृष सोनी
प्रतिनिधि हरिभूमि
लोरमी



# विजय और जगन्नाथ की फिल्म की शूटिंग हुई पूरी

**मुंबई।** साउथ एक्टर विजय सेतुपति इन दिनों साउथ निर्देशक पुरी जगन्नाथ की अनाम पैन इंडिया फिल्म में काम कर रहे हैं। सोमवार को फिल्म की शूटिंग खत्म हो गई है। इसी मौके का एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें पुरी और विजय फिल्म के बारे में खास बातें करते नजर आ रहे हैं। विजय काफी समय से निर्देशक पुरी जगन्नाथ की अनाम पैन इंडिया फिल्म की शूटिंग कर रहे थे, जो आज पूरी हो चुकी है। फिल्म के सेट से एक वीडियो पुरी ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें फिल्म के आखिरी दिन के शूट को लेकर विजय बेहद उदास नजर आए। इस वीडियो में एक्ट्रेस चार्मी कौर वीडियो कॉल पर नजर आ रही हैं।

लाइफ Style


# श्रद्धा

## शहीद विजय सालस्कर पर बनाएंगी मूवी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अपनी सादगी से फैंस के दिलों पर राज करने वालीं श्रद्धा कपूर जहां इन दिनों पैर में फ्रैक्चर के कारण घर पर आराम फरमा रही हैं, वहीं उन्होंने एक ऐसा खुलासा किया है, जिसके बाद उनके दीवानों की बांछे खिल गई हैं। उन्होंने कंफर्म किया है कि उनकी अगली फिल्म कथित बॉयफ्रेंड राहुल मोदी के साथ होगी।

राहुल मोदी एक राइटर और फिल्ममेकर हैं। श्रद्धा बीते दिनों फिल्म 'ईथा' की शूटिंग के दौरान घायल हो गईं। वह लावणी डांस सीक्वेंस शूट कर रही थीं, जबकि उनका पैर फ्रैक्चर हो गया। एक्ट्रेस ने हेल्थ अपडेट भी दिया है। बताया है कि सेहत में सुधार है। उन्होंने सोशल मीडिया पर सवाल-जवाब सेशन के दौरान मजाक में कहा कि फ्रैक्चर की वजह से वह 'टर्मिनेटर' की तरह घूम रही हैं। उन्होंने बताया कि 'ईथा' के बाद वह राहुल मोदी की एक फिल्म में दिखेंगी, जो स्टार्टअप्स की दुनिया की कहानी होगी। श्रद्धा ने कहा कि फिल्म में उनका रोल बहुत चैलेंजिंग है। श्रद्धा कपूर ने ये भी बताया कि वह बतौर प्रोड्यूसर सुपर फैट स्टूडियो के साथ दो फिल्में को-प्रोड्यूस करने वाली हैं। इनमें से एक फिल्म जाबांज पुलिस अफसर एक पुलिसवाले विजय सालस्कर की कहानी होगी, जो 26/11 हमलों में शहीद हो गए थे। इसे अखिव अली डायरेक्ट करेंगे। विजय सालस्कर ने दगड़ी चॉल में अरुण गवली के गैंग के कई गुंडों का एनकाउंटर किया था। श्रद्धा कपूर ने एक और खुलासा किया कि उन्होंने एक अन्य फिल्म की शूटिंग भी पूरी कर ली है। उन्होंने कहा, 'मैंने एक फिल्म की शूटिंग पहले ही कर ली है।




हॉलीवुड मसाला



# उदयपुर वेडिंग में दी शानदार प्रस्तुति

**मुंबई।** उदयपुर में नेत्रा मंटेना और वाम्सी गडिराजू की भव्य शादी सुर्खियों में रही। इस शादी में हॉलीवुड की जानी-मानी गायिक जेनिफर लोपेज भी पहुंचीं। सोशल मीडिया पर कुछ वीडियोज वायरल हो रहे हैं, जिसमें जेनिफर स्टेज पर शानदार प्रस्तुति दे रही हैं। वो अपनी परफॉर्मेंस से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करती नजर आ रही हैं। हॉलीवुड डीवा ने रोज-गोल्ड टोन की साड़ी पहनी, जिस पर सीक्विन वर्क की महीन ग्रिड डिजाइन उसे शाही चमक दे रही थी। इसे ऐसे ड्रेप किया गया कि साड़ी और गाउन का मेल एकदम परफेक्ट मॉडर्न-इंडियन फ्यूजन जैसा लगे।



# गैल गैडोट को प्रेग्नेंसी में हुआ था ब्रेन क्लॉट...

**लॉस एंजिल्स।** 'वंडर वुमन' स्टार गैल गैडोट ने पिछले साल हुए अपने हेल्थ इश्यू को लेकर खुलकर बात की है। उन्होंने बताया कि कैसे उनके सिर में दर्द रहने लगा। उनकी मां ने उन्हें एमआरआई करवाने के लिए कहा। जब डॉक्टर ने उन्हें बताया कि उनके दिमाग में थक्का जम गया है तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। ये सोचने लगीं कि क्या वो जिंदा बच पाएंगी। वो तब 8 महीने की प्रेग्नेंट थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'उस पल से मैं कुछ भी समझ नहीं पा रही थी। अंग्रेजी तो मानो खिड़की से बाहर हो गई थी। मेरे पति अलग-अलग डॉक्टरों से बात कर रहे थे और मैं बस यही सोच रही थी कि क्या मैं मर जाऊंगी? क्या मरने से पहले ऐसा ही महसूस होता है? क्या वे मुझे बचा पाएंगे?... क्या बच्चा ठीक रहेगा?' गैल गैडोट ने याद करते हुए बताया कि उन्हें सेरेब्रल वेनस थ्रोम्बोसिस (सीवीटी) का पता चला था।



# 120 बहादुर में दिखाया अभिनय का कमाल


**जयपुर।** भारत-चीन युद्ध पर आधारित बहुप्रतीक्षित फिल्म '120 बहादुर' में जयपुर की अभिनेत्री लक्ष्मी सुराणा ने मेजर शैतान सिंह भाटी की मां का किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीत लिया है। थिएटर से अपने सफ़र की शुरुआत करने वाली लक्ष्मी ने बॉलीवुड में कम समय में वेब सीरीज, फिल्मों और विज्ञापनों में अपनी पहचान बनाई. राजस्थानी लोकनृत्य, विशेष रूप से कालबेलिया में महारथ रखने वाली लक्ष्मी सुराणा का कहना है कि यह फिल्म 120 अमर वीरों की आवाज़ है और इसमें काम करना उनके लिए गर्व की बात रही। इस फिल्म में फरहान अख्तर द्वारा निभाए गए मेजर शैतान सिंह भाटी की मां का किरदार जयपुर की अभिनेत्री लक्ष्मी सुराणा ने निभाया है, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं।




# धनुष-मृणाल में चल रही इश्क की गुटर-गु

**मुंबई।** ऐश्वर्या रजनीकांत से अलगाव के तीन साल बाद धनुष और मृणाल ठाकुर के बीच इश्क की अफवाहों ने एक बार फिर जोर पकड़ा है। धनुष और ऐश्वर्या ने साल 2022 में अलग होने की घोषणा की थी, जबकि बीते साल 2024 में दोनों ने कानूनी रूप से तलाक ले लिया। इसी बीच धनुष का नाम साउथ और बॉलीवुड फिल्मों की हसीना मृणाल ठाकुर से जुड़ने लगा। अब एक बार फिर दोनों के बीच इश्क के गुटर गु की चर्चा है। माजरा फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली की नई रोमांटिक ड्रामा 'दो दीवाने सहर में' से जुड़ा है, जिसमें मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी लीड रोल में हैं। बीते 21 नवंबर को मेकर्स ने 'दो दीवाने सहर में' की आधिकारिक घोषणा करते हुए फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया। सोशल मीडिया पर कई सेलेब्स ने इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी।

टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 में फिनाले से पहले नॉमिनेशन टास्क में बवाल...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 अब अपने उस जर्नी पर है जहां कंटेस्टेंट्स के आपसी लड़ाई-झगड़े खत्म हो जाते हैं और उनके बीच एक अलग बॉन्डिंग दिखने लगती है। न कॉफी, चिकन और खाना बनाने की लड़ाई बचती है और न ही काम के बंटवारे को लेकर किसी तरह की नोंकझोंक। ऐसा लगने लगता है जैसे अब सब भारी मन से इस खेल के फाइनल होने का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन नहीं, यहां भी 'बिग बॉस 19' के कंटेस्टेंट्स को चैन नहीं है। दरअसल, हुआ यूं कि फिनाले से पहले 'बिग बॉस' ने नॉमिनेशन टास्क करवाया और इसी बीच कुछ ऐसा हुआ कि मालती चाहर ने तान्या मित्तल को थप्पड़ लगा दिया। इस शो का फिनाले 7 दिसंबर को होने जा रहा है और अब घर में केवल 8 सदस्य बचे हुए हैं। इन 8 सदस्यों में से भी कुछ को बाहर होना है और इसके लिए 'बिग बॉस' ने नॉमिनेशन टास्क रखा। यानी घरवालों के ये वोट डिसाइड करेंगे कि अब कौन सा सदस्य होगा जिन्हें घर से बाहर निकलना होगा। इस शो के नए प्रोमो में नॉमिनेशन टास्क को देखकर फिर से ऐसा लग रहा है कि शो में एक बार फिर से मिड वीक एविक्शन होनेवाला है। इस टास्क में सभी घरवालों को कंटेस्टेंट्स को नॉमिनेट करने का मौका दिया गया। सबने अपनी-अपनी वजह गिनाते हुए एक-दूसरे को नॉमिनेट भी किया। वहीं, तान्या ने कुछ ऐसा किया कि मालती चाहर ने गुस्से में उनपर हाथ ही उठा दिया। दरअसल, इस नॉमिनेशन टास्क में 'बिग बॉस' ने कहा कि घरवाले जिन्हें नॉमिनेट करना चाहते हैं वो उनके चेहरे पर स्टैम्प लगा दें।

## अश्लेषा और संदीप ने की शादी

**नई दिल्ली।** 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के सेट पर मिलने वाले कपल अश्लेषा सावंत और संदीप बसवाना ने शादी कर ली है। दोनों पिछले 23 साल से लिव-इन रिलेशनशिप में थे और आखिरकार उन्होंने शादी कर ली है। वेडिंग फोटोज शेयर करते हुए उन्होंने नोट भी लिखा है। संदीप ने बताया, 'अश्लेषा और मैं अप्रैल में वृंदावन गए थे और वहां के राधा-कृष्ण मंदिरों से गहरा जुड़ाव महसूस किया।' उन्होंने आगे कहा, 'उस यात्रा ने हमें 23 साल साथ रहने के बाद शादी करने के लिए प्रेरित किया। हमारे माता-पिता सबसे ज्यादा खुश हैं—वे लंबे समय से इसका इंतजार कर रहे थे। हम इसे सादगी से करना चाहते थे और भगवान कृष्ण के मंदिर में शादी करने से बेहतर और क्या हो सकता था।' दोनों ने शादी की खूबसूरत फोटोज शेयर करते हुए लिखा, 'और बस इसी तरह, मिस्टर और मिसेज के रूप में हमने एक नए अध्याय में कदम रखा... परंपरा ने हमारे दिलों में जगह बना ली।



# एक्टिंग छोड़ बौद्ध भिक्षु बनी थी ये एक्ट्रेस ...

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में फिल्म इंडस्ट्री में नाम कमाना कोई आसान काम नहीं था, लेकिन बरखा मदान को यह शोहरत और पहचान बहुत पहले ही मिल गई, जिन्हें अब ग्याल्टेन समतेन के नाम से जाना जाता है। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने से पहले, बरखा मदान ने कई सालों तक एक मॉडल के तौर पर काम किया। वह 1994 में फेमिना मिस इंडिया पेजेंट में हिस्सा लेने वालों में से एक थीं। सुष्मिता विनर बनीं, ऐश्वर्या फर्स्ट रनर-अप रहीं और बरखा को मिस इंडिया टूरिज्म चुना गया। मॉडलिंग इंडस्ट्री में पहचान बनाने के बाद बरखा ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में आने का फैसला किया और डायरेक्टर उमेश मेहरा ने उन्हें अपनी फिल्म खिलाड़ियों का खिलाड़ी में एक्टिंग डेब्यू कराया। कुछ फिल्मों में नजर आने के बाद 2012 में, बरखा मदान ने अनाउंस किया कि उन्होंने एक्टिंग छोड़ दी है और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री छोड़ दी है। यह सबके लिए एक बड़ा शॉक था, क्योंकि कहा जाता है कि उन्हें अपनी जबरदस्त एक्टिंग रेंज की वजह से कई फिल्म प्रोजेक्ट्स मिल रहे थे। लामा जोपा रिनपोछे की देखरेख में बरखा बौद्ध भिक्षु बन गईं और अपना नाम बदलकर वेन. ग्याल्टेन समतेन रख लिया।



# इस सप्ताह ओटीटी पर आने वाली हैं ये कमाल की फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** सिनेमाघरों में जाकर फिल्में देखने का शौक अपने आप में खास है और यह जारी है। मगर, इससे इतर ओटीटी एक बड़ा प्लेटफॉर्म बन गया है। थिएटर में जो लोग किन्हीं कारणों से फिल्में देखने नहीं जाते, उन्हें पसंदीदा फिल्मों की ओटीटी रिलीज का इंतजार होता है। वहीं, वेब सीरीज तो खैर ओटीटी पर रिलीज ही होती हैं। इस सप्ताह भी पिटारे में काफी कुछ खास है।

***सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी :*** वरुण धवन और जान्हवी कपूर अभिनीत यह फिल्म इस साल अक्टूबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब फिल्म ओटीटी दर्शकों के लिए आ रही है। यह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। यह फिल्म 27 नवंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। फिल्म का निर्देशन शशांक खैतान ने किया है।

***कांतारा चैप्टर 1 :*** ऋषभ शेट्टी अभिनीत यह फिल्म भी अक्टूबर में रिलीज हुई थी। सिनेमाघरों में धमाल करने के बाद यह ब्लॉकबस्टर फिल्म अब ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। हालांकि, फिल्म का दक्षिण भारतीय संस्करण (तमिल, कन्नड़, तेलुगु, तमिल और मलयालम) पहले ही ओटीटी पर दस्तक दे चुका है। अब हिंदी दर्शकों के लिए भी यह फिल्म आ रही है। हिंदी में यह फिल्म 27 नवंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।



***रक्तबीज 2 :*** फिल्म 'रक्तबीज 2' भी इस सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह फिल्म सितंबर में रिलीज हुई थी। अब नवंबर के आखिरी वीक में इसकी डिजिटल रिलीज हो रही है। फिल्म की कहानी एक आतंकवाद-रोधी दस्ते पर आधारित है, जो नेता मुनीर आलम को रोकने की कोशिश कर रहा है, ताकि भारत और बांग्लादेश के बीच अराजकता फैलाने की उसकी योजना को असफल किया जा सके। यह फिल्म साल 2023 में आई 'रक्तबीज' का सीक्वल है। 28 नवंबर से यह फिल्म जी5 पर देखी जा सकेगी।

***आर्यन :*** यह तमिल भाषा की क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसमें विष्णु विश्वाल, श्रद्धा श्रीनाथ, मानसा चौधरी और सेल्वराघवन हैं। एम. घिबरण के निर्देशन में बनी इस फिल्म की स्ट्रीमिंग 28 नवंबर से नेटफ्लिक्स पर होगी।

***द पेट डिटेक्टिव :*** यह एक मलयालम भाषा की एक्शन-कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। एक क्विर्की डिटेक्टिव पेट्स से जुड़े रहस्य को सुलझाती है। यह फिल्म हास्य, सस्पेंस और दिल को छू लेने वाले कुछ लम्हों से लबरेज है। ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर यह फिल्म 28 नवंबर को रिलीज हो रही है।

***रैगाई :*** यह एक क्राइम ड्रामा सीरीज है। सात एपिसोड की सीरीज के पहले एपिसोड में सब-इंस्पेक्टर वेट्री को एक चौंकाने वाली बात पता चलती है। कॉन्स्टेबल संथिया एक आइस-कार्ट बेचने वाले की रहस्यमयी मौत की जांच कर रही होती है। उसी दौरान पिघलती बर्फ के नीचे से एक कटा हुआ हाथ मिलता है। यही घटना आगे की पूरी जांच को नए और डरावने मोड़ पर ले जाती है।

## हर कहानी में थ्रिल की भरमार, झन्नाटेदार हैं सबके क्लाइमैक्स

# दिमाग को तार-तार कर देंगी ये 7 साइकोलॉजिकल फिल्में

*__नई दिल्ली।__ इन दिनों ओटीटी पर अलग-अलग जॉनर की अनगिनत फिल्में मौजूद हैं, लेकिन कई बार समझ नहीं आता कि कौन-सी देखी जाए। अगर आप थ्रिलर फिल्में देखना पसंद करते हैं, हम आपको 7 मूवी बताते हैं, जिनकी कहानियां और क्लाइमैक्स आपके होश उड़ देंगे। इस लिस्ट में साउथ सुपरस्टार मोहनलाल की 'दृश्यम' से लेकर बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन की 'कहानी' तक शामिल हैं।*



**नो स्मोकिंग :** जॉन अब्राहम की यह फिल्म एक ऐसे व्यक्ति के बारे में है, जिसे स्मोक करने की लत है। इस वजह से उसकी पत्नी उसे छोड़ देती है, जिसके बाद वह एक रिहैब केंद्र में जाता है और फिर चीजें अजीब और डरावनी हो जाती हैं। साल 2007 में रिलीज हुई इस मूवी को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**गजनी :** इसमें आमिर खान ने लीड रोल निभाया है। इसकी कहानी संजय सिंघानिया नाम के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो हर 15 मिनट में अपनी याददाश्त खो देता है। वह अपनी प्रेमिका की मौत का बदला लेने के लिए पूरे शरीर में दुश्मनों के नाम और उनके नंबर गुदवा लेता है। यह फिल्म अमेज प्राइम वीडियो पर मौजूद है।



**कहानी :** साल 2012 में रिलीज हुई यह फिल्म एक गर्भवती महिला की कहानी है, जो लंदन से कोलकाता अपने गुमशुदा पति की तलाश में आती है। लेकिन क्लाइमैक्स में ऐसा चौंकाने वाला खुलासा होता है कि होश उड़ जाते हैं। विद्या बालन की यह नेटफ्लिक्स पर अवेलेबल है।




**तलाश :** आमिर खान ने इस मूवी में इंस्पेक्टर सुर्जन सिंह शेखावत का किरदार निभाया है, जो एक कार दुर्घटना की जांच करता है। इस घटना में एक एक्टर की जान चली जाती है। इस बीच उसकी एक मिस्ट्री गर्ल से मुलाकात होती है, जो पूरी कहानी पलट देती है।




**तलवार :** यह फिल्म नोएडा डबल मर्डर केस पर आधारित है। इसमें एक वरिष्ठ अधिकारी कई जांचकर्ताओं के बीच सच्चाई का पता लगाने की कोशिश करता है कि आखिर किसने किशोरी और घरेलू नौकर की हत्या की है। इसे अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**लूसिया :** साल 2013 में रिलीज हुई यह मूवी निक्की नाम के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे अनिद्रा की समस्या है। वह लूसिया नाम की एक रहस्यमयी गोली लेता है। इसके बाद वह सपनों में जीने लगता है और हकीकत खतरनाक रूप से धुंधली होने लगती है।


छत्तीसगढ़ प्रदेश के यशस्वी उप मुख्यमंत्री
श्री अरुण साव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाए
हीरालाल पटेल
अध्यक्ष
सेवा सह.स. बरेला
श्री घंश्याम देवाँगन
प्रबंधक
सेवा सह.स. बरेला
श्री विजय दीवान
अध्यक्ष
सेवा सह.स. जरहागांव
श्री माखन जायसवाल
प्रबंधक
सेवा सह.स. जरहागांव
श्री अश्वनी मोहले
अध्यक्ष
सेवा सह.स. दशरंगपुर
श्री राहुल जायसवाल
प्रबंधक
सेवा सह.स. दशरंगपुर
श्री रामसनेही कश्यप
अध्यक्ष
सेवा सह.स. पदमपुर
श्री टेकलाल कश्यप
प्रबंधक
सेवा सह.स. पदमपुर
श्री घनश्याम यादव
अध्यक्ष
सेवा सह.स. भठलीकला
श्री हरदयाल चंद्राकर
प्रबंधक
सेवा सह.स. भठलीकला
श्री शिवकुमार साहू
अध्यक्ष
सेवा सह.स.धनगांव गोसाई
श्री गोकुल कश्यप
प्रबंधक
सेवा सह.स. धनगांव गोसाई
श्री हीरा लाल साहू
प्राधिकृत
सेवा सह.स.मसनी
श्री परमेश्वर कश्यप
प्रबंधक
सेवा सह.स. मसनी
श्री रामनिहोरा कश्यप
अध्यक्ष
सेवा सह.स.तेलियापुरान
श्री मनोज कश्यप
प्रबंधक
सेवा सह.स. तेलियापुरान
-संकलनकर्ता- पी.भारती बेनेट
हरिभूमि प्रतिनिधि जरहागांव (मुंगेली)
मो. 7389105897

## पुनरीक्षण कार्य में गलत जानकारी पर होगी सजा

**बिलासपुर।** मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण कार्य में गलत जानकारी देने पर सजा हो सकती है। इसे दण्डनीय अपराध माना गया है। चुनाव आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार बिलासपुर सहित संपूर्ण छत्तीसगढ़ में 4 नवम्बर से गहन पुनरीक्षण का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। 1 जनवरी 2026 को अर्हता तिथि मानकर यह विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान जारी है। जिसके तहत गणना प्रपत्र के वितरण का कार्य लगभग पूरा हो गया है। वर्तमान में गणना पत्रों के संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन का कार्य चल रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे देखें कि किसी मृत व्यक्ति या ऐसे व्यक्ति के संबंध में गणना प्रपत्र जमा करना जो अब भारत के नागरिक नहीं रहे हैं या ऐसे निर्वाचक के मामले में जो जानता है कि उसका नाम मतदाता सूची में एक से अधिक स्थानों पर मौजूद है।




## रोवर्स-रेंजर्स दल का गठन

**बिलासपुर।** जेके नेशनल स्कूल एवं जेके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट बिलासपुर में स्काउट गाइड एवं रोवर्स रेंजर्स दल और क्रू का गठन किया गया। यह कार्यक्रम भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के पदेन अध्यक्ष एवं शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा तथा राज्य सचिव जितेंद्र कुमार साहू के मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय के चेयरमैन के. खान के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला मुख्य आयुक्त चंद्र प्रकाश बाजपेयी, राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) विजय कुमार यादव एवं डीईओ एवं जिला आयुक्त स्काउट विजय कुमार टांडे ने किया। इसी क्रम में स्काउट गाइड दल, रोवर्स क्रू एवं रेंजर्स टीम का गठन किया गया। साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया में जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) महेन्द्र बाबू टंडन, सहायक राज्य आयुक्त गाइड डॉ. भारती दुबे, संयुक्त जिला सचिव शत्रुघन सूर्यवंशी, राज्य यूथ कमेटी उपाध्यक्ष सुश्री निधि कश्यप तथा रेंजर सुश्री ध्वनि हुमने उपस्थित रहीं। इस अवसर पर आवश्यक जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रतिभागियों का जनरल नॉलेज परीक्षण, मार्च-पास्ट एवं अन्य गतिविधियों से चयन किया गया। कार्यशाला में डॉ आशीष सिंह, प्रणव तिवारी, डॉ. चांदनी शर्मा, सिद्धार्थ सतपथी, रामेश्वर धुरी, मनीषा साहू आदि मौजूद थीं।








दीनानाथ केशरवानी
अध्यक्ष भाजपा जिला मुंगेली
श्रीकांत पाण्डेय
अध्यक्ष जिला पंचायत मुंगेली
उमाशंकर साहू
सभापति जिला पंचायत मुंगेली
श्रीमती दुर्गा उमाशंकर साहू
पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुंगेली
मान. श्री अरूण साव जी
उपमुख्यमंत्री छ.ग.शासन, विधायक लोरमी विधानसभा क्षेत्र
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
तमन्नाओ की दुनिया तो हर इंसान सजाता है,
पर पाता वही है जो तकदीर लेकर आता है...
सौजन्य : उमाशंकर साहू, सभापति जिला पंचायत मुंगेली
संकलनकर्ता
जयकुमार ताम्रकार
जिला प्रतिनिधि
जिला कार्यालय हरिभूमि मुंगेली
मो. 9303508230


लोरमी के लाड़ले माटीपुत्र
मान. अरुण साव जी
विधायक एवं छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री
को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
Happy Birthday
श्रीमती वर्षा विक्रम सिंह ठाकुर
अध्यक्ष-जनपद पंचायत लोरमी
शुभेच्छु : श्रीमती वर्षा विक्रम सिंह ठाकुर, अध्यक्ष-जनपद पंचायत लोरमी
संकलनकर्ता-नूतन गुप्ता हरिभूमि प्रतिनिधि लोरमी
लोरमी प्रेस क्लब सचिव मो. 9981005353


लोरमी के लाडले विधायक
मा. अरूण साव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
HAPPY BIRTHDAY
नरेन्द्र खत्री
युवा भाजपा नेता
श्रीमती वर्षा सिंह
अध्यक्ष ज.प. लोरमी
सुजीत वर्मा
अध्यक्ष न.पा. लोरमी
विश्वास दूबे
सभापति न.पा. लोरमी


जीवेत शरदः शतम्
लोरमी क्षेत्र में विकास की गंगा
बहाने वाले विकास पुरूष
मा. अरूण साव
को जन्मदिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
HAPPY BIRTHDAY
मा. अरूण साव जी
उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
योगेश खत्री
(गोलू)
यतिन्द्र खत्री
(भोलू)
मो. 9589480000, 9893935350
सौजन्य: ओ.के. ब्रिक्स एण्ड ट्रांसपोर्ट तुलसाघाट, लोरमी


छत्तीसगढ़ के माटीपुत्र
मा. अरूण साव जी
उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन
को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
Happy Birthday
ज्ञानेश्वर सिंह क्षत्रीय
अध्यक्ष सरपंच संघ लोरमी
सरपंच ग्राम पंचायत बोईरपारा
नारायण सिंह
कोषाध्यक्ष
ननकू भिखारी
सरपंच
श्रीमती ईश्वरी जायसवाल
उपाध्यक्ष
दुर्गा डाहिरे
उपाध्यक्ष
गनपत साहू
उपाध्यक्ष
नरेन्द्र ध्रुव
सचिव
श्रीमती प्रतिभा साहू
कार्यकारी अध्यक्ष
प्रेमी साहू
सरपंच- मोहतरा तेली
जोगन कुर्रे
सरपंच- बिचारपुर
हेमलता ध्रुव
सरपंच- बिजराकांपा
नारायण साहू
सरपंच- सरईपतेरा
मोहन ध्रुव
सरपंच- कुंभरौली
लोकेन्द्र ध्रुव
सरपंच- खेकतरा
छोटू नवरंग
सरपंच- तेलियापुरान
सुरेन्द्र साहू
स. प्र. - डिंडोल
अमर सिंह ध्रुव
सरपंच- महामाई
राजकुमार अनंत
सरपंच- सेमरसल
अमरनाथ ध्रुव
सरपंच- नारायणपुर
कालेश्वर कश्यप
सरपंच- हड़गांव
चंदू ध्रुव
सरपंच- गैंजी
चंद्रमणि साहू
सरपंच- बघरीभांवर
दरबारी साहू
सरपंच- औराबांधा
मनीष कुमार कश्यप
सरपंच- पीपरखुंटा
हेरम्ब कुमार यादव
सरपंच- लच्छनपुर
सुरेश कुमार कुर्रे
स.प्र. बिचारपुर
विजय ध्रुव
स.प्र. बिजराकांपा
चितरंजन साहू
स.प्र. मोहतरा तेली
सौजन्य: ग्राम पंचायत सरपंच संघ विकासखण्ड लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)
संकलनकर्ता
नूतन गुप्ता
हरिभूमि प्रतिनिधि व
प्रेस क्लब सचिव, लोरमी
मो. 9981005353


जय बालाजी
बढ़ती ठंड - घटते दाम - एक ही नाम
पानीपत के फैक्ट्री से
डायरेक्ट आपके शहर बिलासपुर में
सेल सिर्फ 3 दिन के लिए
सेल सिर्फ 3 दिन के लिए
होटल दी ईस्ट पार्क में साल की सबसे बड़ी सेल: 25, 26 & 27th Nov
लुधियाना वूलन सेल
सिंगल बेड ₹349
डबल बेड ₹ 499
ब्लैंकेट (कम्बल)
1000/- से 1500/- वाली
साड़ियाँ
मात्र ₹199, 399
2000/- से 3000/- वाली
गर्ल्स & बॉयज ब्रांडेड फुटवियर
₹149, ₹499
बच्चों के वूलन कपड़े व जैकेट
(MRP 700/- to 800/-)
₹199
ब्रांडेड & पार्टीवियर
कॉटन एवं फैंसी
जीन्स
मात्र ₹500
गर्ल्स कोरियन टॉप
प्रीमियम क्वालिटी
₹ 99 & ₹299
ओरिजिनल गर्ल्स कोरियन जैकेट
प्रीमियम क्वालिटी
₹199 & ₹499
ओरिजिनल कोरियन
बॉयज कोरियन जैकेट
प्रीमियम क्वालिटी
₹199 & ₹499
इंटरनेशनल ब्रांडेड
जैकेट
₹499
₹999
&
₹1499
इंटरनेशनल ब्रांडेड
ब्लेजर्स
(Ladies/ Gents)
Only
₹299
लेदर जैकेट
Only
₹1999
sumit
FREE PARKING
स्थान- होटल दी ईस्ट पार्क
जल्दी करें.. सेल सिर्फ 27 नवम्बर तक
लिंक रोड, अग्रसेन चौक, बिलासपुर
FREE ENTRY

## खबर संक्षेप

### एसआईआर से सबंधित दी गई जानकारी

**बोदरी।** नगर निगम बोदरी में मतदाता गहन पुनरीक्षण फॉर्म भरने में सहयोग के लिए कांग्रेस पार्टी की ओर से नियुक्त बीएलए के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिल्हा अध्यक्ष गीतांजलि कौशिक ने बोदरी के मतदाताओं घरों में जाकर उनसे भेंट-मुलाकात की। उन्होंने मतदाताओं को एसआईआर से सबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की, साथ ही साथ ही फॉर्म भरने में आने वाले परेशानी की भी जानकारी ली। इस दौरान सीमा गोस्वामी, राजू ध्रुव, सीमा जोगी, जय पाल, खेमराज मंडावी, लालिता मरावी, कुमारी ध्रुव, लता धमदे सहित अन्य मतदाता उपस्थिति रहे।

### दो पक्षों में मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** तालाब से पानी पलाने व रंजिश को लेकर दो लोगों में मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस के अनुसार पोंगरिया निवासी खोरबहरा यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह गांव की पुलिया के पास गया तभी दिलहरण दास मानिकपुरी तालाब का पानी खेत में पलाने के नाम पर गाली गलौज करते हुए पिटाई कर दी। वही दिलहरन दास मानिकपुरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रंजीश को लेकर खोरबहरा यादव ने अश्लील गाली गलौज करते हुए उसकी पिटाई कर दी।

# वकालत से सियासत, अब बने विकास के वाहक

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

क्षेत्र के विधायक एवं छग शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव का वकालत से सियासत तक शानदार सफर है।

प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव का जन्म 25 नवंबर 1968 को तत्कालीन बिलासपुर जिला और अभी के मुंगेली जिले के लोहड़िया गांव में हुआ था। श्री साव के पिता स्व. अभयाराम साव हैं, उनके पिता 80 के दशक में मुंगेली मंडल के अध्यक्ष रहे। मुंगेली के एसएनजी कॉलेज से बीकॉम कर बिलासपुर से एलएलबी किया। तहसील से राजधानी तक-1990 से 1995 तक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मुंगेली तहसील इकाई के अध्यक्ष रहे। जिला 1996 में युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष, प्रांतीय सह मंत्री और राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य बने। अरुण साव 1996 से 2005 तक भारतीय जनता युवा मोर्चा मे विभिन्न पदों पर रहे। 2001 से छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की स्थापना के साथ वकालत की। 2004 में राज्य सरकार के पैनल लायर, 2005 से 2007 तक उप शासकीय अधिवक्ता, 2008 से 2013 तक उपमहाधिवक्ता छत्तीसगढ़ शासन रहे।



**सांसद से प्रदेश स्तरीय नेतृत्व क्षमता-** अरुण साव बिलासपुर लोकसभा सीट से 2019 के लोकसभा चुनाव में सांसद निर्वाचित हुए। अरुण साव को अगस्त 2022 को बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली। प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालते हुए लगातार दौरा कर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। संगठन में नई जान भरी और भाजपा को 2023 विधानसभा सभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिलाई। और स्वंय 46 हजार अधिक मतों से लोरमी विधानसभा से विधायक चुने गए। अरुण साव को डिप्टी सीएम बनाया गया। अभी उनके पास लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खेल एवं नगरीय प्रशासन विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। जिसके जरिये पदेश में विकास कार्य कर रहें है।

क्षेत्र में विगत दो वर्षों गोड़खामहि से लोरमी कालेज फ़ॉर लेंन सड़क निर्माण खुड़यिा जलाशय से पेयजल विस्तार एवं ऐसे कार्य जो अभीतक विगत वर्षों में नही वह धरातल में दिखाई पड़ रहा है। क्षेत्र में लगातार दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं के लिए चौपाल लगाकर उनकी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करने में जोर दे रहे हैं।

## जन्मदिन पर आज विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे डिप्टी सीएम साव

स्थानीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव का जन्मोत्सव 25 नवंबर को हाई स्कूल मैदान में दोपहर 12 बजे से मनाया जाएगा। इसी तरह ग्राम डिंडौरी बाजार में दोपहर 3 बजे कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

उप मुख्य मंत्री अरुण साव बिलासपुर से कोटा होते हुए दोपहर 12 बजे लोरमी पहुंचेंगे। उनके जन्मदिन पर सेवा भारती द्वारा हाईस्कूल मैदान में रक्तदान शिविर, मेडिकल टीम द्वारा प्रकाश मेडिकल स्टोर के सामने निःशुल्क ब्लड ग्रुप, शुगर, बीपी की जांच की जाएगी। श्री साव हाईस्कूल मैदान में मंचीय कार्यक्रम पश्चात दोपहर 2 बजे लोरमी से ग्राम डिंडौरी बाजार के लिए प्रस्थान करेंगे। ग्राम सारधा दोपहर 2.10 बजे, ग्राम सरईपतेरा दोपहर 2.20 बजे, ग्राम सारिसताल दोपहर 2.30 बजे, ग्राम अखरार कंसरी दरवाजा संयुक्त रूप से डोंगरीगढ़ मोड़ रामूनगर अखरार दोपहर 2.40 बजे, ग्राम झलरी दोपहर 2.50 बजे, ग्राम नवागांव दयाली मोड़ दोपहर 3.00 बजे, ग्राम डोंगरीगढ़ दोपहर 3.10 बजे तथा ग्राम डिंडौरी में दोपहर 3.20 को आगमन एवं स्वागत होगा। साइकिल वितरण कार्यक्रम के पश्चात डिंडौरी से शाम 4 बजे प्रस्थान कर वे ग्राम तिलकपुर पहुंचेंगे। इसी तरह वे ग्राम मनकी शाम 4.10 बजे, ग्राम साल्हेघोरी शाम 4.20 बजे, ग्राम अमलडीही शाम 4.30 बजे, ग्राम खामही शाम 4.40 बजे आगमन एवं प्रस्थान होगा।

### शाम 7 बजे पहुंचेंगे मुंगेली

**मुंगेली।** मित्र मंडली द्वारा मंगलवार को शाम शाम 7.30 बजे रेस्ट हाउस परिसर में उप मुख्यमंत्री अरूण साव का जन्मदिन मनाया जाएगा। श्री साव लोरमी में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद शाम को मुंगेली पहुंचेंगे।

# राम्हेपुर में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

वार्ड क्रमांक 18 रामहेपुर में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा 25 नवंबर से प्रारंभ होगी। निर्मलकर परिवार द्वारा आयोजित ज्ञानयज्ञ में कथा व्यास पं. दिनेशचन्द्र तिवारी, राजपुरोहित कथा रसपान कराएंगे। आचार्य पं. चंद्रचूर्ण तिवारी ध्वजा महाराज, (राजपुरोहित) रहेंगे ।



कथा 25 नवंबर से 3 दिसंबर तक होगी। जिसमें मंगलवार 25 नवंबर को कलश यात्रा सुबह 11 बजे से पश्चात वेदीपूजन गौकर्ण महात्म्य की कथा परिक्षित जन्म, वाराह चरित्र, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, कपिलोपाख्यान, जड़भरत कथा अजामिल कथा ,प्रह्लाद चरित्र, गजेन्द्रमोक्ष, समुद्रमंथन वामन चरित्र के साथ ही श्री राम कथा और भगवान बांकेबिहारी के जन्मोत्सव के साथ ही उनकी बाल लीलाओं, गोवर्धन पूजा रुक्मणी विवाह, द्वारिका लीला, सुदामा चरित्र, भगवद्गीता आदि पर विस्तार से वर्णन होगा। स्व.लक्ष्मी देवी और स्व.जनक राम निर्मलकर की स्मृति में हो रही कथा के मुख्य आयोजक जितेंद्र (जित्तू) निर्मलकर और निकिता निर्मलकर, अश्वनी निर्मलकर ,पंकज निर्मलकर हैं। कथा को सफल बनाने में महेश गणेश, रमेश, हितेश पप्पू , शानू ,किशोर, हरि ओम, संजू सोम, रामकुमार ,लक्ष्मण ललित, नवीन सुमित, चंद्रकांत, यमन, दिलेश्वर सोनू ,राजा, ओमप्रकाश मुकेश, रूपेश, परशराम ,रुक्मणि, राधेश्याम, गीतादेवी ,रजनी, भागवत, संतोषी, हितेश, नीलम, उमेश, पिंकी, अश्वनी, गूंजा, किशोर, रामेश्वरी, सुमित, किशन, गोपी, बृजमोहन, दीक्षा, सीमा, सृष्टि, दिव्यांश, पियूष, रीयांशी, आरुष, जतिन ,तरुण, मानस, आकांक्षा, प्रतीक्षा, राजकुमारी देवी और समस्त निर्मलकर परिवार जुटे हुए हैं। कथा वार्ड क्रमांक 18 लकड़ी डिपो के पास रामहेपुर में प्रतिदिन 1 बजे से कृष्णकृपा तक होगी। साथ ही प्रतिदिन भंडारा भी आयोजक परिवार द्वारा कराया जाएगा।

**न्यायालय श्रीमान दशम अपर सत्र न्यायाधीश महोदय बिलासपुर (छ.ग.)**

गुलाब जैन -----आवेदक

// विरूद्ध //

अनिल टाह+1 अन्य ---अनावेदकगण

प्र.क्र. 156/2024
पेशी ता. 17/12/2025
आदेश दिनांक 29/10/2025
प्रोसेस क्र.

**समंस**

अनिल टाह पिता धरम प्रकाश निवासी-370 गुरुद्वारा राड राजा राम मंदिर मार्ग के पास राघवेन्द्र नगर गोड़पारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. मो. 9229100900

-------अनावेदक क्र. 01

आवेदक ने अनावेदकगण के विरूद्ध एक क्रिमिनल पुनरीक्षण अंतर्गत धारा 397 बी.एन. एस.एस. के तहत पेश किया गया है जिसकी पेशी दिनांक 17/12/25 को नियत है। अनावेदक क्र. 01 अनिल टाह को इस समाचार पत्र के द्वारा नोटिस / ईश्तहार प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में दिनांक 17/12/25 को दिन के 11:00 बजे स्वयं एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर जवाब पेश कर प्रकरण के कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक 17/12/25 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्यदिवस को की जावेगी।

अतः आज दिनांक 29/10/2025 मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

मुहर

आदित्य जोशी
दशम अपर सत्र न्यायाधीश महोदय
बिलासपुर (छ.ग.)

**// नाम परिवर्तन सूचना //**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शिरीन परवीन सलाट उम्र 33 वर्ष पति मोहम्मद नईम सलाट निवासी म.नं. 146, तैबा चौक वार्ड नं. 26, तालापारा, बिलासपुर (छ.ग.) शपथ करती हूँ कि मेरे विवाह के पूर्व मेरा नाम व उपनाम शिरीन परवीन पिता मोहम्मद अहफाज रहा है जो कि मेरे शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों एवं अन्य दस्तावेजों मे दर्ज है। विवाहोपरांत अब मेरा नाम व उपनाम परिवर्तित कर शिरीन परवीन सलाट पति मोहम्मद नईम सलाट रख ली हूँ।**

**अतः आज से मुझे समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों मे मेरा नाम शिरीन परवीन सलाट पति मोहम्मद नईम सलाट से ही जाना, पहचाना एवं पढ़ा जावें।**

**शिरीन परवीन सलाट**
**पति मोहम्मद नईम सलाट**
**म.नं. 146, तैबा चौक वार्ड नं. 26,**
**तालापारा, बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकर्रा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम - छतौना तह. सकरी
जिला-बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम छतौना को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्यामा बाई पति जेठूराम कौशिक निवासी ग्राम छतौना उपतहसील सकर्रा, तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम छतौना, प.हन. 37 रा.नि.मं. अमसेना जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम छतौना प.ह.न. 37 स्थित भूमि ख.न. 1167/2 रकबा 0. 243 हे0 किसान किताब में दर्ज है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदिका का नाम प्रदर्शित नहीं हो रहा है। माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) में आवेदन पेश किया है। जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा / आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा / आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 30.11.25 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.11.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**सकर्रा, तहसील सकरी**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक /Q /सीमांकन/रा.नि./2025
बिलासपुर दिनांक 12/11/2025

प्रति,
1. आवेदक शैलेष सराफ पिता सी.एम.सराफ आवेदक के बताए अनुसार भूमिस्वामी 2. रामफल, लक्ष्मण 3. रामायण 4. रघुनाथ 5. अनुराग शुक्ला सा.बिजौर एवं आप सभी हितबद्ध पक्षकार। 6. ओमप्रकाश यादव 7. राधेगोविन्द बाजपेई।

**विषय:** सीमांकन में उपस्थिति बाबत।

**संदर्भ:** न्यायालय तहसीलदार / अति. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक /Q /तह./ना.तह./वा./2025 दिनांक 24 /11/2025

ग्राम बिजौर प.ह.नं.. 30 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं.355. रकबा 0.3520 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक शैलेष सराफा निवासी जरहाभाठा बिलासपुर के द्वारा छ.ग.भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ अति.तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमाकंन दिनांक 26 /11/2025 को समय 10:00 से 05.00 बजे के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम युसुफ अली / **YUSUF ALI** पिता मीर यासिन अली अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम मोहम्मद युसुफ अली / **MOHAMMAD YUSUF ALI** एवं मेरी पत्नि हसीना खातून/**HASINA KHATUN** पति युसुफ अली / **YUSUF ALI** अपना पुराना नाम बदल कर हसीना खातून अली / **HASINA KHATUN ALI** पति मोहम्मद युसुफ अली / **MOHAMMAD YUSUF ALI** दोनों निवासी H.No. 786 राधाकृष्ण मंदिर के पास तालापारा वार्ड नं. 25 संजय नगर बिलासपुर (छ.ग.) 495001 रख लिया हूँ।

अत: अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम मोहम्मद युसुफ अली / **MOHAMMAD YUSUF ALI** पिता यासिन अली एवं मेरी पत्नि को हसीना खातून अली / **HASINA KHATUN ALI** पति मोहम्मद युसुफ अली / **MOHAMMAD YUSUF ALI** से जाना एवं पहचाना जाए।

मोहम्मद युसुफ अली
**(MOHAMMAD YUSUF ALI)**
**HOUSE NO.** 786 वार्ड नं. 25
संजय नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495001

**समक्ष-नोटरी सिविल जिला-बिलासपुर (छ.ग)**

**शपथ पत्र**

मैं श्रीमती सीमा बाई श्रीवास उम्र-39 वर्ष पति दिलीप श्रीवास निवासी ग्राम-ठेठा डबरी, विकास नगर, बिलासपुर तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.) की निवासी हूँ जो कि, निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ:-

1. यह कि, मैं उपरोक्तानुसार नाम व पते की निवासी हूँ तथा मेरा आधार कार्ड नंबर- 6132 1532 8450 है।
2. यह कि, विवाह के पूर्व मेरा नाम गनेशिया पिता- श्री मनहरण था जो कि, जो कि मेरे कक्षा-आठवीं के मूल अंकसूची में दर्ज है एवं मायके पक्ष के बी-01 में भी मेरा नाम गनेशिया दर्ज है।
3. यह कि, विवाह के पश्चात मेरा नाम श्रीमती सीमा बाई श्रीवास पति-दिलीप श्रीवास है तथा वर्तमान में सभी दस्तावेजों में मेरा नाम श्रीमती सीमा बाई श्रीवास दर्ज है जो कि, सत्य एवं सही है।
4. यह कि मेरे उक्त दोनों नाम श्रीमती सीमा बाई श्रीवास एवं गनेशिया एक ही व्यक्ति (अर्थात महिला) का है जो कि, मैं स्वयं हूँ।
5. यह कि, शपथ-पत्र मैं अपने उपरोक्त दोनो नाम पर श्रीमती सीमा बाई श्रीवास एवं गनेशिया दोनों नाम मेरे स्वयं के होने के समर्थन में निष्पादित कर रही हूँ।

**सीमा बाई श्रीवास**
**शपथकर्ती**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/क/अति.तह./20..
बिलासपुर, दिनांक 21/11/2025

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम मोपका प.ह.नं. 29, रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका मुजर हुसैन वगैरह पिता/पति स्व.हुसैन अली निवासी ग्राम खपरगंज तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर के द्वारा प.ह.नं. 29, मौजा मोपका स्थित भूमि ख.नं. 2033/3 रकबा 0.360 हे. एकड़/ हे. भूमि को आवेदक द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत वसीयत नामांतरण/फौती नामांतरण /क्रय विक्रय/ दानपत्र के आधार पर किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 8/12/2025 समय 11:00 बजे उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय रा.नि.म. बोदरी, तहसील बोदरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग)**

**सूचना पत्र**

**सीमांकन / मौका जांच समय उपस्थित होने हेतू**

प्रति,
1. चर्तुगुण सिंह पिता पंचकौण बोदरी
2. अध्यक्ष, संयूक्त खदान मजदूर संघ (एटक) मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी

विषय: सीमांकन / मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतू सूचना के संबंध में।

संदर्भ: भवदीय न्याया.तह.के ज्ञा.क्र./13 /वा. तह.बोदरी /2025 बोदरी दिनांक : 28/10/25

उक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आवेदक/ आवेदिका चर्तूगुण सिंह निवासी पंचकौण बोदरी द्वारा आवेदित भूमि ग्राम बोदरी मन.1, प.ह.नं. 01 रा.नि.म. व तहसील बोदरी स्थित भूमि ख.नं. 764/1 रकबा 0.081 भूमि के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर सीमांकन हेतु छ.ग.भू.रा. सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

धारणाधिकार परिवर्तित दर्ज करने हेतू प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जानकारी निम्नानुसार है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 08/12/25 को 12.00 बजे को किया जाना है। अत: आप उक्त भूमि से संबंधित अपने समस्त दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित रहें।

**टीप:-** उपरोक्त सीमांकन/मौका जांच अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

**रा.नि.म. बोदरी**
**तहसील बोदरी, जिला-बिलासपुर**




जन-जन के नेता, छत्तीसगढ़ के यशस्वी उप मुख्यमंत्री
मान. अरूण साव जी
को जन्मदिन की गाड़ा-गाड़ा बधाई....
राजेश सिंह

## खबर संक्षेप

### आपसी विवाद में युवक पर हथियार से हमला

**बिलासपुर।** आपसी विवाद में एक युवक के साथ मारपीट कर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, तिफरा कुंदरापारा निवासी ऋषि मरकाम पिता स्व. राजेश मरकाम 2 नवंबर की रात 9 बजे घर में थे। इसी दौरान मोहल्ले के सागर श्रीवास ने उन्हें बुलाया और दूसरे के बच्चे को क्यों बैठा के रखे हो कहने लगा, फिर उसने आवेश में आकर गाली गलौज कर जन से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर धारदार हथियार से से हमला कर दिया। पुलिस ने श्री मरकाम की रिपोर्ट पर हमलावर सागर श्रीवास के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पिकनिक मनाने गए दो गुटों के बीच मारपीट

**बिलासपुर।** पिकनिक मनाने के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, क्षेत्र के रहने वाले करन सूर्यवंशी पिता देवारी लाल 23 नवंबर को अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए बहतराई कोपरा डेम गए थे। इसी दौरान वहां पिकनिक मना रहे प्रकाश सूर्यवंशी व उसके दोस्तों के साथ उनका विवाद हो गया। जिसकों लेकर दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट कर दी, पुलिस ने करन सूर्यवंशी की रिपोर्ट पर हमलावर प्रकाश सूर्यवंशी, राजेन्द्र, जितेन्द्र व अन्य व प्रकाश कुमार सूर्यवंशी की रिपोर्ट पर हमलावर करन सूर्यवंशी, दीपक निर्मलकर व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अमीन भर्ती परीक्षा 7 को जिले में बनेंगे 126 केंद्र

**बिलासपुर।** जल संसाधन विभाग में अमीन पदों की भर्ती परीक्षा 7 दिसंबर को प्रदेश के 16 जिलों में एक साथ होगी। बिलासपुर जिले में ही 38 हजार से अधिक परीक्षार्थी 126 परीक्षा केंद्रों में शामिल होंगे। परीक्षार्थियों को दो घंटे पहले केंद्र पहुंचना होगा। परीक्षा दोपहर 12 बजे शुरू होगी और गेट 11.30 बजे बंद कर दिए जाएंगे। परीक्षा में हल्के रंग के कपड़े, सीमित जेवर और बिना पॉकेट वाले साधारण स्वेटर की अनुमति होगी, जबकि गहरे रंग के परिधान, फुल स्लीव शर्ट, जैकेट प्रतिबंधित रहेंगे।

### राशन दुकान खोलने आवेदन 12 दिसंबर तक

**बिलासपुर।** मस्तूरी विकासखण्ड के ग्राम रिस्दा में राशन दुकान खोलने के लिए 12 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित है। इच्छुक आवेदक अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कार्यालय मस्तूरी के खाद्य शाखा में उक्त तिथि तक आवेदन दे सकते हैं। आवेदन के लिए ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समिति, अन्य सहकारी समितियां, लेम्प समितियां और वन सुरक्षा समितियां पात्रता रखते हैं। इस संबंध में जानकारी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

### मतदाता सूची पर दावा आपत्ति 30 तक

**बिलासपुर।** संजय अपार्टमेंट आवासीय सहकारी समिति मर्यादित बिलासपुर के संचालक मंडल निर्वाचन हेतु सदस्यता सूची का प्रथम प्रकाशन कर दिया गया है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति 30 नवम्बर तक समिति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

---

**आडिट आपत्ति से उजागर हुआ मामला** — सहायक राजस्व निरीक्षक ने दो साल पहले वसूल की थी राशि, निगम के खाते में अब तक जमा नहीं करने के आरोप

# नगर निगम में 16 लाख रूपए का संपत्ति कर घोटाला, कमिश्नर ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक पर दो साल पहले संपत्तिकर, समेकितकर एवं यूजर चार्जर के नाम पर वार्ड क्रमांक 8 के करीब 125 निवासियों से 15.62 लाख रूपए की वसूली करने, लेकिन नगर निगम के खाते में उक्त राशि को आज तक जमा नहीं करने के आरोप सामने आए हैं।

मामले का खुलासा तब हुआ जब आडिट विभाग द्वारा अपनी रिपोर्ट में गबन का आरोप लगाते हुए आपत्ति दर्ज की। कमिश्नर ने इस मामले में जांच टीम बनाकर 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा है।




आडिट विभाग द्वारा नगर निगम में वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2024-25 के बीच की जा रही आडिट में एक बड़ा खुलासा किया गया है। आडिट विभाग द्वारा अपनी आपत्ति में आरोप लगाया गया है कि नगर निगम के जोन क्रमांक-2 तिफरा में पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षक रामनारायण देवांगन के द्वारा संपत्तिकर, समेकितकर एवं यूजर चार्ज के रूप में 15 लाख 62 हजार 654 रूपए वार्डवासियों से वसूल तो किए गए, लेकिन उक्त राशि निगम निधि में आज तक जमा नहीं की गई है। आडिट विभाग द्वारा दिनांक 12 नवंबर 2025 को नगर निगम आयुक्त को जारी पत्र में इसे गंभीर वित्तीय अनियमितता, दुर्नियोजन एवं संभावित गबन का मामला बताया है। पत्र में नगर निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए उत्तरदायित्व निर्धारित करत हुए संबंधितों से राशि वसूली की कार्रवाई की बात कही है।

आडिट आपत्ति के बाद निगम कमिश्नर ने इस मामले में जांच टीम बनाई है, जिसमें दिनेश कुमार निर्मलकर संयुक्त संचालक वित्त को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह सीए अमित जैन अपनी टीम के साथ प्रकरण की जांच में शामिल रहेंगे।

### डिमांड में पोस्टिंग गलत

ऑडिट विभाग के अनुसार नगर निगम के रिकार्ड में उक्त रकम जमा किए जाने की जानकारी दी जा चुकी है, जबकि सरकार के खाते में उक्त राशि जमा ही नहीं की गई है। ऐसी स्थिति में इस मामले में एक से अधिक लोगों की संलिप्तता से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। शायद यही कारण है उक्त संपत्तिकर की वसूली दो साल पूर्व वित्तीय वर्ष 2022-23 में हो जाने के बाद भी निगम के अधिकारियों को विभागीय स्तर पर रूटीन में इस बात की जानकारी नहीं हो सकी। ऐसा भी संभव है कि इस वित्तीय अनियमितता की जानकारी खंड स्तर पर कर्मचारियों को तो थी, लेकिन इसे दबाकर रखा गया था, लेकिन ऑडिट आपत्ति ने सारा खेल बिगाड़ दिया।

### पूरे शहर में और कितने मामले होंगे

आडिट में आपत्ति के कारण तिफरा जोन में हुई इस गड़बड़ी का पता तो चल गया, लेकिन पूरे शहर के विभिन्न वार्डों में न जाने ऐसे संपत्ति कर गबन के ऐसे कितने मामले होंगे, जो आम जनता से वसूल तो कर लिए गए, लेकिन सरकार के खजाने तक अब तक नहीं पहुंच पाए हैं।

### दिए गए हैं जांच के आदेश

सहायक राजस्व निरीक्षक द्वारा संपत्ति कर की वसूली कर लेने, लेकिन निगम के खाते में रकम जमा नहीं करने संबंधी आरोप आडिट विभाग द्वारा लगाया गया है। इस मामले में जांच टीम गठित कर 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इस तरह की कोई भी अन्य शिकायत सामने आती है तो सारे मामलों में जांच कर कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**-अमित कुमार**, कमिश्नर, नगर निगम

---

नाराजगी जाहिर कर कहा-दबाव में नहीं अपनी इच्छा से समय पर आएं

# सुबह 10 बजे न्यू कंपोजिट बिल्डिंग पहुंचे कलेक्टर कुछ विभाग पूरे खाली, कुछ में दिखे सिर्फ प्यून

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निर्धारित समय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति जांचने कलेक्टर संजय अग्रवाल सोमवार को सुबह दस बजे न्यू कंपोजिट बिल्डिंग पहुंचे। यहां 22 कार्यालय संचालित होते हैं, लेकिन शत प्रतिशत उपस्थिति कहीं नहीं पाई गई। कई विभाग ऐसे थे, जहां सिर्फ चपरासी उपस्थित थे, और कुछ विभागों में पूरी तरह सन्नाटा था। उन्होंने नाराजगी तो जाहिर की, लेकिन समझाइश भी दी कि निर्धारित समय में कार्यालय किसी के दबाव में नहीं, बल्कि स्वयं की इच्छा से आना चाहिए।

- **एक-दूसरे को फोन कर सचेत करते रहे अधिकारी-कर्मचारी**

शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के आफिस आने का समय सुबह दस बजे निर्धारित है, लेकिन आमतौर पर इस अवधि में ज्यादातर कर्मचारी आफिस नहीं पहुंचते हैं। सोमवार को इस बात की जांच करने कलेक्टर ने सुबह दस बजे नई कंपोजिट बिल्डिंग का निरीक्षण किया। विभाग में कुल 22 कार्यालय संचालित होते हैं, लेकिन एक भी कार्यालय ऐसा नहीं पाया गया, जहां कर्मचारियों की शत प्रतिशत उपस्थिति रही हो। कई विभागों में जिलाधिकारी एवं विभाग प्रमुख ही नदारद पाए गए। कलेक्टर ने निर्धारित समय पर उपस्थिति की समझाइश दी। कलेक्टर द्वारा जिला योजना एवं सांख्यकीय विभाग, संपरीक्षा विभाग, नगर निवेश, फर्मस एवं सोसायटी, कोष लेखा एवं पेंशन सहित विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया।




### कलेक्टर व दो कर्मचारियों का सीढ़ी पर आमना-सामना

कलेक्टर ने पूरी बिल्डिंग का निरीक्षण किया एवं कर्मचारियों को समझाइश देकर वापस लौटने लगे। इस दौरान अपने आफिस जाने के लिए सीढ़ियां चढ़ रहे दो कर्मचारियों का कलेक्टर से आमना-सामना हो गया। कलेक्टर ने उनसे उनके विभाग का नाम एवं आफिस पहुंचने का निर्धारित समय पूछा। इतना पूछना था कि कर्मचारी सकते में आ गए। कलेक्टर ने उन्हें भी समय पर आफिस पहुंचने की समझाइश दी।

### बायोमैट्रिक अटेंडेंस को बताया विकल्प

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान विभाग प्रमुखों को कार्यालय में कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति के लिए बायोमैट्रिक अटेंडेंस को एक बेहतर विकल्प बताया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों द्वारा अगर रजिस्टर पर अपनी इच्छा से एवं अपने समय पर हस्ताक्षर किया जा रहा है, तो विभाग प्रमुख इस पर रोक लगाने हेतु बायोमैट्रिक अटेंडेस लेने जैसी व्यवस्था कर सकते हैं। इससे कर्मचारयों को निर्धारित समय पर विभाग में उपस्थिति हेतु प्रेरणा मिलती रहती है।

### श्रम विभाग की तारीफ

कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान श्रम विभाग के कुल 37 कर्मचारियों में से 35 अपने कार्यालय में उपस्थित पाए गए। इस दौरान कलेक्टर न केवल श्रम विभाग की उपस्थिति देखकर संतुष्ट हुए, बल्कि उन्होंने अन्य विभागों को श्रम विभाग का उदाहरण भी प्रस्तुत किया। इस दौरान सहायक श्रमायुक्त ज्योति शर्मा ने कलेक्टर को बताया कि विभाग में रजिस्टर से अटेंडेंस लेने के दौरान कर्मचारियों की उपस्थिति समय पर नहीं होती थी, लेकिन बायोमैट्रिक अटेंडेंस वाली व्यवस्था प्रारंभ होते ही कर्मचारी निर्धारित समय पर आफिस पहुंच जाते हैं।

### दी गई है समझाइश

सामान्य औचक निरीक्षण किया गया है। कर्मचारी हों या अधिकारी, सबको अनुशासन में रहकर शासन के निर्देशानुसार कार्य करना चाहिए। सबको समझाइश दी गई है।

**-संजय अग्रवाल**, कलेक्टर

---

# युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





बीती रात सिरगिट्टी क्षेत्र के बार में जन्मदिन की पार्टी मनाने गई युवती के साथ छेड़खानी को लेकर जमकर बवाल हो गया। पार्किंग में युवती व युवकों ने मिलकर छेड़खानी करने वाले युवक के साथ जमकर मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकूबाजी की वारदात से बार में हड़कंप मच गया। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावर युवती सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, रविवार की रात शहर की एक लड़की दोस्तों के साथ जन्मदिन का पार्टी मनाने तिफरा स्थित पेट्रोशियन इलूम बार गई थी। रात 12 बजे वह दोस्तों के साथ बार से बाहर निकल रही थी। इसी दौरान जरहाभाठा ओमनगर निवासी निलेश गेंदले ने युवती के साथ अश्लील छेड़खानी की, जिससे उनके बीच विवाद होने लगा और पार्किंग के पास आने पर युवती व निलेश ने एक दूसरे को झापड़ मार दिया। इसी दौरान युवती के दोस्त मोपका क्षेत्र में रहने वाले यश तिवारी, आयुष यादव, प्रशांत कश्यप आए और निलेश के साथ हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। इसी दौरान यश तिवारी जेब से चाकू निकालकर निलेश गेंदले के पेट में जानलेवा हमला कर दिया। चाकूबाजी की वारदात से होटल में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने निलेश गेंदले की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 115, 2, 351, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर हमलावर शिवानी खुंटे, यश तिवारी, आयुष यादव, प्रशांत कश्यप को गिरफ्तार कर लिया है।

### बार मैनेजर ने भी लिखाई रिपोर्ट

पेट्रीशियन इलूम बार के मैनेजर प्रबल गुप्ता पिता शंकर प्रसाद गुप्ता ने रिपोर्ट लिखाई। 24 नवंबर को रात 12 बजे बार बंद कर बाहर पार्किंग में खड़े लोगों को बाहर जाने कह रहे थे। वहां खड़े दो लड़के एवं एक लड़की आपस में मारपीट कर रहे थे। तीनों को बाहर निकलने के लिए बोलने पर भावेश, ऋषि, लकड़ी रिनू गाली गलौज करते बाहर निकले, भावेश अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बीई, 6308 को बीच रोड़ में खड़ी कर हल्ला मचाते हुए हंगामा मचाने लगा, जिससे आवागमन बाधित हो गया। समझाइश देने पर मारपीट पर उतारू हो गए थे। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर भावेश, ऋषि, रिनू के खिलाफ बीएनएस की धारा 126, 2, 194, 2, 296, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

# जिन जगहों पर समस्या, लगाए जा रहे अतिरिक्त ट्रांसफार्मर



ट्रांसफार्मर लगाते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर में बिजली व्यवस्था के चाक चौबंद व्यवस्था के लिए अधिकारियों ने कमर कस ली है। नेहरू नगर जोन के अंतर्गत 25 नए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने का काम जारी है, इसमें से 12 ट्रांसफार्मर लगाए जा चुके हैं।

- **नेहरू नगर जोन से शुरू की गई है पहल**

बीत कुछ सालों में बिजली की समस्या लोगों को बेहाल कर रही है, गर्मी के दिनों में यह समस्या दोगुनी हो जाती है, बिजली का लोड बढ़ने के साथ ही एक के बाद एक ट्रांसफार्मर फेल होने की नौबत आती है। इस साल नेहरू नगर जोन कार्यालय के अंतर्गत नेहरू नगर, मंगला, सर्किट हाउस, कुदुदंड, महाराणा प्रताप, रिंग रोड में बिजली सप्लाई को लेकर हाहाकार मचता रहा है, जिसे देखते हुए नेहरू नगर सबस्टेशन से निकलने वाली सप्लाई के अंतर्गत 25 जगहों पर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने का काम जारी है। यह ट्रांसफार्मर आरडीएसएस योजना के अंतर्गत लगाए जा रहे है। जिसमें 12 जगहों पर ट्रांसफार्मर लगाए जा चुके है। इसमें गंगा नगर, सिंधी कालोनी, कन्या छात्रावास, कुदुदंड, सुबह विहार, आकाश मार्ग, मंगला, 27 खोली, यूडीएम अस्पताल, मिनौचा कालोनी, शांति नगर, कारगिल चौक शामिल है।

### अतिरिक्त लोड को किया जा रहा है कम

नए ट्रांसफार्मर लगाने और पॉवर ट्रांसफार्मर के सहारे बिजली विभाग अतिरिक्त लोड को मैनेज करने की बात कह रहा है। अधिकारियों ने इस बार भी कई जगहों पर लोड मैनेजमेंट के जरिए ही व्यवस्था बनाई थी, लेकिन क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे दबाव को देखते हुए ट्रांसफार्मर लगाने से आने वाले सालों में सप्लाई निर्बाध होगी इसकी गारंटी नहीं है। दरअसल तिफरा के बाद मंगला और इसके आसपास में 132 केवी का सबस्टेशन बनान अनिवार्य हो चुका है। इसके बिना सप्लाई को सही ढंग से मैनेज करना आने वाले सालों में बहुत मुश्किल हो सकता है।

### की जा रही है व्यवस्था

आरडीएसएस योजना के तहत काम कराए जा रहे हैं। इसमें 12 ट्रांसफार्मर अभी हाल में ही लगाए गए हैं। गर्मी में उपभोक्ताओं को दिक्कत नहीं हो, इसकी व्यवस्था पहले से की जा रही है।

**-गिरीश श्रीवास्तव**, एई, नेहरू नगर

---

### अनुकंपा नियुक्ति के पूर्व मंगाई दावा-आपत्ति

**बिलासपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी ने कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति के लिए प्राप्त 4 आवेदकों के आवेदन के छानबीन के क्रम में 7 दिवस के भीतर दावा आपत्ति मंगाई है। यदि आवेदक के परिवार के कोई भी सदस्य शासकीय सेवा में कार्यरत हो अथवा किसी प्रकार के अपराधिक या न्यायालीन मामले उनके विरूद्ध लंबित हो, तो इसकी जानकारी बंद लिफाफा या स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर जानकारी दे सकते हैं। डीईओ ने बताया कि शासकीय उन्नत प्राथमिक शाला भाठापारा, खम्हरिया में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत स्व. राजाराम टेंगवार के के पुत्र रितेश कुमार टेंगवार ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है। इसी प्रकार शाउमाशाला सिरगिट्टी में भृत्य के पद पर कार्यरत स्व. संतोष कुमार साहू के निधन उपरांत उनकी पुत्री दिव्या साहू ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया है। शापूमाशा वेदपरसदा विकासखंड मस्तूरी में कार्यरत स्व. विनोद कुमार टंडन के पुत्र आलोक कुमार टंडन ने अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन दिया है। इसी प्रकार सेजेस महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल के भृत्य स्व. राकेश कुमार सोनी के दिवंगत होने के बाद उनके पुत्र नवीन सोनी सांई नगर उस्लापुर ने आवेदन किया है।

---

# रेलवेकर्मी दंपती को मृत बताकर उनकी जमीन बेचने वाली महिला गिरफ्तार

## फर्जी कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन की बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवेकर्मी दंपती को मृत बताकर फर्जी दस्तावेज तैयार करने और उनकी जमीन बेचने वाली फरार महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने पुराना पावर हाउस जेपी पार्क निवासी रेलवेकर्मी शांतनु कुमार सेनापति व उनकी पत्नी अनुराधा सेनापति को मृत घोषित कर बापू उपनगर, हाल मुकाम राजकिशोर नगर निवासी सावित्री तिवारी पति पुरूषोत्तम तिवारी ने अपने आपको उनकी बेटी बताया, फिर फर्जी कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उनकी जमीन को अलग अलग लोगों को बेच दिया। पुलिस ने अनुराधा सेनापति की रिपोर्ट पर महिला के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471 के तहत जुर्म दर्ज किया था। सोमवार को पुलिस ने आरोपी सावित्री तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी महिला।

---

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# जीआरपी को बच्चे का नहीं मिला कोई भी सुराग

**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर के प्लेटफार्म पर महिला के पास सोए हुए डेढ़ साल के एक बच्चे को अज्ञात महिला उठाकर ले गई थी।


दो दिन तक थानों के अलावा नेताओं के पास चक्कर काटने के उपरांत शुक्रवार की शाम जीआरपी ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात महिला के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया। इसके बाद जीआरपी के दो स्टाफ बिलासपुर से विशाखापट्टनम तक सभी स्टेशनों का चक्कर काटते रहे, लेकिन उन्हें बच्चे का कोई भी सुराग नहीं मिल सका। बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर सो रही एक महिला के पास से उसके डेढ़ साल के बेटे को दूसरी महिला उठाकर ले गई थी। दंपती के प्लेटफार्म के अंदर आने से लेकर उनके पुत्र के अपहरण तक की पूरी घटना रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी में कैद हो गई। महिला के बच्चे का अपहरण हुआ है उसने सीसीटीवी देखकर कपड़े से अपने बच्चे को पहचानकर जीआरपी को बताया है। जीआरपी ने पहले गुम इंसान कायम किया उसके बाद अज्ञात महिला के विरुद्ध अपहरण की धारा 137 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया। चोरी किए गए बच्चे की तलाश करने के लिए जीआरपी के दो स्टाफ ने बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया सहित अन्य स्टेशनों के साथ विशाखापट्टनम स्टेशन पहुंचकर सीसी टीवी फुटेज चेक किया। सीसी टीवी फुटेज में कहीं भी आरोपी महिला और चोरी हुए बच्चे का कुछ पता नहीं चल सका है।

- **डेढ़ साल के बच्चे को अज्ञात महिला ले गई थी**

### कई स्टेशनों में कैमरे नहीं

बिलासपुर जीआरपी के स्टाफ चार-पांच दिन से बिलासपुर से विशाखापट्टनम तक सभी स्टेशनों के सीसी टीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं, ताकि आरोपी महिला और बच्चे का पता चल सके। कई स्टेशनों में तो कैमरे भी नहीं लगाए गए हैं, इसके बाद भी वहां आसपास पूछताछ की गई है। टीम अब तक वापस बिलासपुर नहीं पहुंची है।

**-राकेश वर्मा**, प्रभारी जीआरपी बिलासपुर



online Booking:-www.tripuryatra.com
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411


लोरमी के विकास पुरूष
मान. अरूण साव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सुजीत वर्मा
अध्यक्ष न.पा.लोरमी
विनीत– नगर पालिका परिषद परिवार लोरमी
संकलनकर्ता
कृष सोनी
प्रतिनिधि हरिभूमि लोरमी


जीवेत शरदः शतम्
आपको जन्मदिवस की
अशेष शुभकामनाएं...
सौजन्यः जिला राईस मिल एसोसिएशन जिला मुंगेली (छ.ग.)


छत्तीसगढ़ के माटीपुत्र
मा. अरुण साव जी
उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
Happy Birthday
प्रभात मिश्रा
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, बिलासपुर
संतोष सिंह ठाकुर
नोडल अधिकारी
मुंगेली
आर.पी. खरे
सुपरवाईजर
मुकेश राजपूत
सहकारिता विस्तार अधिकारी लोरमी
संतोष कौशिक
शाखा प्रबंधक, लोरमी
शाखा लोरमी अंतर्गत समिति प्रबंधक-ज्ञानेश मानिकपुरी, वेंकट नवागांव, राकेश मिश्रा लक्ष्मी राजपूत, सुरेठा श्रवण कश्यप राजेश चंद्राकर, विचारपुर- रामपद कश्यप डोंगरिया- संजय जायसवाल, प्रदीप जायसवाल लोरमी - शरद साहू, गिरिश जायसवाल चंदली- बेदी चंद्राकर, लक्ष्मण कुलमित्र, बैंक स्टाफ-रामेश्वर प्रसाद खरे पर्यवेक्षक, सुखदेव बंजारे,सुधीर शिवहरे, राजकुमार कश्यप, गेंदलाल कश्यप, रामावतार, नंदकुमार डड़सेना, नरेश मिश्रा
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, शाखा-लोरमी


वर्षा विक्रम सिंह
अध्यक्ष, ज.प. लोरमी
श्रीमती मीना देवी अनंत
सरपंच, अचानकमार
अनिल अनंत
सरपंच, छपरवा
श्रीमती मधुदीप प्रकाश साकत
उप सरपंच, अचानकमार
सुखीराम बैगा
उप सरपंच, छपरवा
मा. अरुण साव
लोरमी विधायक एवं उपमुख्यमंत्री छ.ग.
बुधराम आर्मो
सचिव, अचानकमार
मनीराम पनरिया
सचिव, छपरवा
अतहर अली
युवा नेता
मनोज ध्रुव
युवा नेता
रामावतार जायसवाल
पूर्व सरपंच छपरवा
गया राम साकत
सौजन्यः ग्राम पंचायत अचानकमार, छपरवा लोरमी
संकलनकर्ता
नूतन गुप्ता
हरिभूमि प्रतिनिधि, लोरमी
मो. 9981005353


छत्तीसगढ़ के यशस्वी उप मुख्यमंत्री
माननीय
श्री अरुण साव जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
25
नवम्बर
संकलनकर्ता- प्रदीप गुप्ता हरिभूमि प्रतिनिधि कोटा


HAPPY BIRTHDAY
लोरमी के विकास पुरूष
मान. अरूण साव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
माधव तिवारी
महामंत्री
जन्मेजय जायसवाल
महामंत्री
महाजन जायसवाल
पूर्व मण्डल अध्यक्ष
राजेन्द्र साहू
मण्डल अध्यक्ष डिंडौरी
विनीत- भारतीय जनता पार्टी मण्डल डिण्डौरी
संकलनकर्ता
नूतन गुप्ता, लोरमी